Subscribe Amar Bhaskar News @amarbhashkarnews Amar bhashkar



हिन्दी दैनिक

# अमर भास्कर

ज़िद सच की

उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, मध्यप्रदेश, झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ एवं उत्तराखंड में प्रसारित



राहुल गांधी ने कहा कि खत्म करेंगे अग्निपथ योजना.....०1

Email- amarbhashkar21@gmail.com, www.amarbhashkar.in

धूमपान विरोधी कानून का करना पड़ रहा है विरोध........06

वर्ष: ०1 अंक: 28० | बदायूं, बुधवार 17 अप्रैल 2०24 | पृष्ठ- ०6 | मूल्य- 4.०० रूपये

# हावड़ा में रामनवमी रैली को लेकर टीएमसी पर भड़के पीएम मोदी

**कोलकत्ता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पश्चिम बंगाल के दौरे पर हैं। बंगाल के बालुरघाट में उन्होंने मंगलवार को एक चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राज्य की टीएमसी सरकार की आलोचना की। पीएम मोदी ने ममता सरकार पर घुसपैठियों को सुरक्षा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ममता सरकार घुसपैठियों को तो सुरक्षा देती है लेकिन नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) का विरोध कर रही है, जो शरणार्थियों को नागरिकता देता है। उन्होंने कहा कि राज्य में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और अपराध हैं। जब केंद्रीय एजेंसियां इन मामलों की जांच करने की कोशिश करती हैं तो उन पर हमला हो जाता है। ऐसा



लगता है कि टीएमसी ने घुसपैठियों और गुंडों को राज्य पट्टे पर दे दिया है।

रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि टीएमसी को लगता है कि दलित, आदिवासी और गरीब अपनी मर्जी से हिल भी नहीं सकते हैं। लेकिन 2०24 का यह चुनाव उन्हें बता देगा कि बाबासाहब अंबेडकर के लोकतंत्र में दलित, वंचित और आदिवासी टीएमसी के गुलाम नहीं हैं। बंगाल में तृणमूल कांग्रेस ने आदिवासी समुदाय की महिलाओं को अपने घुटनों पर झुका दिया लेकिन जल्द ही टीएमसी घुटनों पर आ जाएगी। यहां के आदिवासी समाज के त्याग और बलिदान का देश पर बड़ा कर्ज है। आज भाजपा आदिवासियों और दलितों के सम्मान के लिए लड़ रही है। भाजपा ने ही देश को पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति दी। टीएमसी जैसी पार्टी दलित, आदिवासी महिलाओं को अपना बंधक बनाकर रखना चाहती है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बालुरघाट में आज उमड़ा यह जनसैलाब को देखकर लगता है कि इस बार जीत विकास की होगी। आज पूरा राज्य कह रहा है 4 जून को 4०० पार और फिर एक बार मोदी सरकार। उन्होंने कहा कि टीएमसी को लग रहा है कि पीएम मोदी ने योजनाओं को हर गरीब के दरवाजे तक पहुंचाने की गारंटी दे दी है। टीएमसी को लगता है कि अगर जनता को मोदी की गारंटी से लाभ मिला तो राज्य की जनता का विकास हो जाएगा। टीएमसी की दुकान बंद हो जायेगी इसलिए वे झूठी खबर फैला रहे हैं लेकिन बंगाल की जनता मेरी गारंटी से वाकिफ है।

रामनवमी और रामलला का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आजाद भारत के इतिहास में पहली बार ऐसा होगा कि रामनवमी पर रामलला अयोध्या स्थित अपने भव्य मंदिर में विराजमान हैं। मुझे पता है कि हर वर्ष की तरह इस साल भी ममता सरकार ने राम नवमी समारोह को रोकने की पूरी कोशिश की है। उन्होंने समारोह को रोकने के लिए कई साजिशें रची हैं। लेकिन जीत हमेशा सत्य की ही होती है। इसलिए अदालत ने रामनवमी के जुलूस के लिए अनुमति दे दी है। कल रामनवमी के अवसर पर पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ भव्य जुलूस निकाला जाएगा। मैं बंगाल के अपने सभी भाइयों और बहनों को इस अवसर पर बधाई देता हूं।

## राहुल का भाजपा पर तंज, बोले- उनके घोषणा पत्र में बस दो विजन- ओलंपिक कराना और चांद पर भेजना

## राहुल बोले- खत्म करेंगे अग्निपथ योजना

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव में पहले चरण के मतदान से पहले कांग्रेस पार्टी ने सेना भर्ती के लिए शुरू की गई अग्निपथ योजना पर खास फोकस किया है। राहुल गांधी से लेकर पार्टी के दूसरे नेता, अपनी चुनावी रैलियों में अग्निपथ योजना की कमियां गिना रहे हैं। इतना ही नहीं, कांग्रेस नेता, इस मुद्दे को लेकर सोशल मीडिया पर भी लगातार मुखर हैं। मंगलवार को राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा, अग्निपथ योजना, भारतीय सेना और देश की रक्षा करने का सपना देखने वाले बहादुर युवाओं का अपमान है। यह भारतीय सेना की नहीं, नरेंद्र मोदी के कार्यालय में बनी योजना है, जिसे सेना पर थोप दिया गया है। दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी के पूर्व सैनिक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष रिटायर्ड कर्नल रोहित चौधरी ने कहा, रक्षा मंत्री राजनाथ



सिंह अग्निपथ पर अस्पष्ट इसलिए हैं, क्योंकि भाजपा युवाओं को गुमराह करके सिर्फ लोकसभा चुनाव में वोट लेना चाहती है।

कांग्रेस पार्टी के पूर्व सैनिक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्नल रोहित चौधरी ने कहा, राजस्थान प्रदेश में कृषि योग्य भूमि बेहद कम व पानी की कमी है। किसान परिवारों के ज्यादातर बच्चे फौज, पुलिस व अर्धसैनिक बलों में भर्ती होते रहे हैं। वीर भूमि राजस्थान से सेना भर्ती में हर साल हजारों युवा चयनित होते थे। अग्निपथ के बाद यहां का युवा हताश व निराश है। चौधरी ने कहा, मोदी सरकार की नीतियों ने पिछले 1० साल में किसान व जवान दोनों को आर्थिक रूप से कमजोर करने का काम किया है। भाजपा सरकार, किसानों को न उचित एमएसपी दे रही, न ही उनके बच्चों को सेना में भर्ती कर रही है। कांग्रेस पार्टी सत्ता में आने के बाद किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी देगी। युवाओं के लिए घातक अग्निपथ योजना को खत्म किया जाएगा।

## एक नजर

### यूपीएससी में लखनऊ के आदित्य श्रीवास्तव ने किया टॉप

**लखनऊ।** संघ लोक सेवा आयोग ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा (यूपीएससी सीएसई) 2०23 के लिए अंतिम परिणाम जारी कर दिया है। 1०16 आवेदकों ने सफलता पाई है। यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2०23 में शामिल हुए उम्मीदवार आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर रिजल्ट पीडीएफ डाउनलोड कर सकते हैं। संघ लोक सेवा आयोग ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2०23 के लिए अंतिम परिणाम जारी कर दिया है। 1०16 आवेदकों ने सफलता पाई है। यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2०23 में शामिल हुए उम्मीदवार आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर रिजल्ट पीडीएफ डाउनलोड कर सकते हैं। आदित्य की मां आभा श्रीवास्तव सामान्य घरेलू महिला हैं। आदित्य का बचपन लखनऊ के मवैया इलाके में बीता और शुरुआती पढ़ाई सिटी मोंटेसरी स्कूल (सीएमएस) अलीगंज में हुई। 12वीं पास करने के बाद आदित्य ने आईआईटी कानपुर से बीटेक किया है।

# 2० मिनट सपा-कांग्रेस पर जमकर गरजे सीएम योगी, बोले- भाजपा ने अयोध्या में बनवाकर दिखाया राम मंदिर

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बिजनौर।** लोकसभा चुनाव 2०24 के प्रचार-प्रसार में भाजपा कोई कोर कसर नहीं है। भाजपा के स्टार प्रचारक पश्चिमी यूपी में डटकर ताकत झोंक रहे हैं। वहीं, मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ फिर से बिजनौर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए अपने 2० मिनट के भाषण में विपक्ष पर जमकर हमला बोला। इस दौरान जनसभा में मोदी-योगी के जमकर नारे लगते रहे।

वहीं, सीएम की जनसभा में योगी की वेशभूषा में दो साल का कार्तिक उपाध्याय पुत्र सुनील उपाध्याय पहुंचा। इस दौरान सभा में मौजूद ने कार्तिक को इस वेशभूषा में देख अपने मोबाइलों



में कैद किया। कई लोगों ने कार्तिक के साथ सेल्फी भी ली।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2० मिनट के अपने संबोधन में कांग्रेस व सपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा ने भगवान राम को अयोध्या में विराजमान करके दिखाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि भाजपा ने देश के करोड़ों लोगों को मुफ्त आवास की सुविधा दी तो अयोध्या में भगवान राम का मंदिर भी बनवा कर दिखाया है।

नहटौर में आयोजित चुनावी जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आपने 2०14 से पहले का भारत भी देखा है। आज का नया भारत भी आपके सामने है। पिछले 1० वर्षों में कोई देश किस कदर तेजी से विकास के पद पर अग्रसर हो सकता है, दुनिया में इसका उदाहरण भारत है।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने प्रदेश में सुरक्षा का माहौल देने का काम किया, जबकि विपक्षी पार्टियां खास कर सपा के राज में माफिया को गले का हार बनाया जाता था। उन्होंने कहा कि अब माफिया, गुंडों व दंगाइयों का इलाज राम-राम सत्य के रूप में हो रहा है। उन्होंने तीसरी बार मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनने के लिए ओम कुमार को सांसद बनाने का आवाहन किया सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में राशन की फ्री योजना अगले पांच साल तक लागू रहेगी। उन्होंने कहा कि आयुष्मान योजना भी लागू रहेगी। सीएम ने कहा कि एक तरफ गरीबों के मकान बन रहे हैं तो वही अयोध्या में राम का मंदिर बना है।

## राहुल गांधी ने भाजपा के संकल्प पत्र पर कसा तंज

**नई दिल्ली।** जनसभा के दौरान राहुल गांधी ने कहा मैं आप सभी से अपील करूंगा कि आप हमारा घोषणा पत्र पढ़ें। हमने रोजगार, किसानों, मजदूरों, महिलाओं और युवाओं, सभी के लिए रणनीति बनाई है। भाजपा ने भी कुछ वादे किए हैं। उनके पास मुख्यत: दो विचार हैं, एक तो ओलंपिक खेलों को भारत लाना और दूसरा किसी को चांद पर भेजना। बेशक, वे रॉकेट का इस्तेमाल करेंगे, जिसे इसरो बनाएगा। इसरो को कांग्रेस पार्टी ने बनाया, उसका समर्थन किया और विकसित किया।

## एमपी के सीएम मोहन यादव के बारे अखिलेश यादव बोले-

## वे तो मैनपुरी का विकास देखने आए थे

**मैनपुरी।** में डिंपल यादव के नामांकन के दौरान पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा पर जमकर हमला बोला। एक दिन पूर्व मैनपुरी में आए मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव को लेकर जब उनसे सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि वे तो मैनपुरी का विकास देखने के लिए आए थे। वहीं पीएम मोदी को लेकर कहा कि वे जब मैनपुरी आएंगे तो बताएंगे मैनपुरी में क्या विकास किया। अखिलेश यादव ने कहा कि देश से भाजपा का सफाया



होने जा रहा है। उन्होंने इलेक्टोरल बांड को लेकर भी भाजपा को घेरा। वैक्सीन कंपनी से भी चंद वसूल किया गया। कन्नौज में युवक ने बेरोजगार से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। किसान आंदोलन नहीं भूला है। किसान की आय दोगुनी नहीं हुई है। चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिया, लेकिन किसानों के लिए कुछ नहीं किया। जान बूझकर नौकरी के पेपर लीक कराए जा रहे हैं। इस दौरान अखिलेश यादव ने अग्निवीर को फ्लॉप बताया।आगे कहा कि झूठे मुकदमे लगाकर झारखंड के सीएम को जेल भेज दिया गया। भाजपा बस ताली, थाली और घंटी बजाती है।

## आप ने जारी की गुजरात में स्टार प्रचारक की सूची, लिस्ट में सिसोदिया से लेकर सुनीता केजरीवाल का नाम

**दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने मंगलवार को गुजरात में लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। सूची में कई नाम हैरान करने वाले हैं। मसलन लिस्ट में सबसे पहले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का नाम है। इसके अलावा उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल का भी नाम है। स्टार प्रचारक की लिस्ट में मनीष सिसोदिया का नाम है जो करीब बीते एक साल से जेल में बंद हैं। इसके अलावा पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और सतेंद्र जैन का भी नाम है। आम आदमी पार्टी को इंडिया गठबंधन के तरह गुजरात की 26 लोकसभा सीट में से भरूच और भावनगर की दो सीटें मिली हैं। बाकी सभी सीटों पर कांग्रेस के उम्मीदवार मैदान पर हैं। आप ने भरूच से चौतर वसावा और भावनगर से उमेश मकवाना को उम्मीदवार घोषित किया है। गुजरात में सभी सीटों पर सात मई को मतदान होंगे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जेल जाने के बाद से पार्टी में अचानक से सुनीता केजरीवाल की भूमिका बेहद अहम हो गई है।

# मॉब लिंचिंग की घटना पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, राज्यों को जरूरी आदेश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में मुस्लिमों के खिलाफ गौ रक्षा के नाम पर हो रही हत्या और बढ़ती मॉब लिंचिंग की घटनाओं को लेकर सख्त रुख अख्तियार किया है। सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले में कई राज्य सरकारों को छह सप्ताह का समय दिया है। अदालत का कहना है कि इस तरह की घटनाओं में की गई कार्रवाई से छह सप्ताह के अंदर अवगत कराएं।

एक महिला संगठन की याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने राज्य सरकारों से जवाब मांगा है। याचिका



में गोरक्षकों द्वारा मुसलमानों के खिलाफभीड़ हिंसा (मॉब लिंचिंग) और भीड़ द्वारा पीट-पीटकर हत्या किए जाने की घटनाओं में शीर्ष अदालत के वर्ष 2०18 के फैसले के अनुरूप राज्यों को तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिए जाने की मांग की गई थी।

पीठ ने कहा, हमने पाया कि ज्यादातर राज्यों ने मॉब लिंचिंग के उदाहरण देने वाली रिट याचिका पर अपना जवाबी हलफनामा दायर नहीं किया है। राज्यों से यह उम्मीद की गई थी कि वे कम से कम समय में इसका जवाब देंगे कि ऐसे मामलों में क्या कार्रवाई की है। एक बार फिर हम उन राज्यों को छह सप्ताह का समय देते हैं जिन्होंने अपने जवाब दाखिल नहीं किए हैं।

शीर्ष अदालत भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी से जुड़े संगठन नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन वीमेन (एनएफआईडब्ल्यू) की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें पिछले साल केंद्र और महाराष्ट्र, उड़ीसा, राजस्थान, बिहार, मध्य प्रदेश और हरियाणा के डीजीपी को नोटिस जारी कर याचिका पर जवाब मांगा गया था।

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता संगठन की ओर से पेश वकील निजाम पाशा ने कहा कि मध्य प्रदेश में कथित मॉब-लिंचिंग की घटना हुई थी, लेकिन पीड़ितों के खिलाफ गोहत्या के संबंध में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। उन्होंने कहा कि अगर राज्य को मॉब लिंचिंग की घटना से इनकार करना है, तो तहसीन पूनावाला मामले में 2०18 के फैसले का पालन कैसे किया जा सकता है।

गौरतलब है, पूनावाला मामले में, शीर्ष अदालत ने राज्यों को गोरक्षा और भीड़ द्वारा हत्या की घटनाओं की जांच करने के लिए कई निर्देश जारी किए हैं।

पीठ ने मध्य प्रदेश सरकार की ओर से पेश वकील से सवाल किया कि बिना यह जांच किए बिना कि वो गौमांस था या नहीं, गोहत्या के लिए प्राथमिकी कैसे दर्ज की गई और इसमें शामिल लोगों के खिलाफ प्राथमिकी क्यों दर्ज नहीं की गई। पीठ ने आगे कहा कि क्या आप किसी को बचाने की कोशिश कर रहे हैं? आप बिना जांच के गोहत्या के लिए प्राथमिकी कैसे दर्ज कर सकते हैं।

पाशा ने कहा कि ऐसी घटना हरियाणा में भी घटी। यहां गोमांस ले जाने का मामला दर्ज किया गया, न कि मॉब लिंचिंग का। उन्होंने कहा, राज्य इस बात से इनकार कर रहे हैं कि मॉब लिंचिंग की कोई घटना हुई और पीड़ितों के खिलाफ गोहत्या के लिए प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। केवल दो राज्यों मध्य प्रदेश और हरियाणा ने रिट याचिका और घटनाओं पर अपना हलफनामा दायर किया है, लेकिन अन्य राज्यों ने कोई हलफनामा दायर नहीं किया है।



अमर भास्कर
www.amarbhashkar.in
बुधवार, 17 अप्रैल 2024


# बरेली से सपा प्रत्याशी प्रवीण सिंह ऐरन ने कराया नामांकन, आंवला से नीरज मौर्य ने भरा पर्चा



**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**बरेली।** लोकसभा चुनाव के लिए मंगलवार को बरेली और आंवला सीट से सपा के प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। आंवला लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी नीरज मौर्य ने सुबह 11:44 बजे अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं बरेली से सपा प्रत्याशी प्रवीण सिंह ऐरन ने 12:08 बजे नामांकन कराया।

बसपा प्रत्याशी छोटेलाल गंगवार ने नामांकन पत्र दाखिल किया। भारत जोड़ो पार्टी के नाजिम अली और निर्दलीय संजीव सागर ने भी पर्चा भरा। नामांकन को लेकर कलक्ट्रेट में त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरा बनाया गया है। नामांकन दाखिल करने से पहले बरेली से सपा प्रत्याशी प्रवीण सिंह ऐरन ने नेहरू युवा केंद्र में सभा को संबोधित किया। सभा में समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष शिवचरण कश्यप, महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी समेत दोनों दलों के नेता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

उसके बाद प्रवीण सिंह ऐरन समर्थकों के साथ पैदल ही कलक्ट्रेट की ओर निकल पड़े। नीरज मौर्य भी समर्थकों संग कलक्ट्रेट पहुंचे। बैरियर पर समर्थकों को रोक दिया गया। प्रत्याशियों के साथ सिर्फ प्रस्तावकों को ही प्रवेश दिया गया। बरेली में 12 अप्रैल से नामांकन शुरू हुए। नामांकन प्रक्रिया 19 अप्रैल तक चलेगी। बरेली और आंवला दोनों लोकसभा सीटों के लिए तीसरे चरण में सात मई को मतदान होना है। बरेली सीट के रिटर्निंग ऑफिसर जिलाधिकारी रविंद्र कुमार हैं। आंवला सीट के लिए रिटर्निंग ऑफिसर सीडीओ जग प्रवेश हैं। सोमवार को बरेली से भाजपा के छत्रपाल सिंह गंगवार और आंवला से धर्मेंद्र कश्यप समेत पांच लोगों ने नामांकन कराया।

वंचित समाज इंसाफ पार्टी से लईक अहमद अंसारी, जनशक्ति एकता पार्टी से रोहताश कुमार, निर्दलीय नितिन मोहन ने भी परचा दाखिल किया। बरेली सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चौधरी अवध किशोर भुर्जी ने एक सेट परचा लिया। आंवला सीट से बसपा प्रत्याशी सैयद आबिद अली ने चार, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी के राजकुमार वर्मा ने एक, निर्दल अकील अली ने एक, अपना दल के नफीस अंसारी ने एक सेट परचा लिया।

## छात्रा से दुष्कर्म का लगाया आरोप

**कन्नौज।** जिले के तालग्राम में तीन बच्चों के बाप ने कक्षा आठ की छात्रा से छह माह पहले खेत में दुष्कर्म किया। छात्रा के गर्भवती होने पर परिजनों को जानकारी हुई, जिसके बाद मां थाने पहुंची और पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने पूरे मामले की जांच कर रिपोर्ट दर्ज करते हुए छात्रा को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया।

आरोपी का सहयोग करने में छात्रा की चचेरी बहन पर भी रिपोर्ट दर्ज हुई है। उधर, पुत्री के साथ घटना की जानकारी जब पिता को मिली तो उनकी हालत बिगड़ गई। परिजन उन्हें लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां पर उनका इलाज चल रहा है।

तालग्राम थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने बताया कि 15 वर्षीय पुत्री गांव के परिषदीय विद्यालय में कक्षा आठ की छात्रा है। छह माह पहले गांव का प्रदीप बहलाकर पुत्री को खेत ले गया, जिसमें भतीजी आकांक्षा ने आरोपी का सहयोग किया। खेत में आरोपी ने पुत्री के साथ दुष्कर्म किया। पुत्री के गर्भवती होने पर पूरे मामले की जानकारी हुई।

# मकान में लगी भीषण आग से बुजुर्ग दंपति गंभीर रूप से झुलसे



**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**कानपुर।** जिले में बर्रा थाना क्षेत्र के जनता नगर, केडीए मार्केट में मंगलवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में एक मकान में भीषण आग लग गई। हादसे में मकान में रह रहे बुजुर्ग दंपती बुरी तरह झुलस गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह आग पर काबू पाया। इसके बाद एम्बुलेंस से बुजुर्ग दंपती को उर्सला अस्पताल भेजा। वहीं, कमरे के बाहर खड़ी चार बाइकें भी जलकर राख हो गईं। पुलिस की घटना की जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार, बर्रा–तीन केडीए मार्केट के एक मकान में बुजुर्ग दंपती रमेश और राजेश्वरी किराये पर रहते हैं। मंगलवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में उनके कमरे में आग लग गई। इसमें बुजुर्ग दंपती बुरी तरह झुलस गए। चीख–पुकारन सुनकर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। आग को देख पड़ोसियों ने समर्सिबल की सहायता से आग को बुझाया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बुजुर्ग दंपती को उर्सला अस्पताल भेजा, जहां दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है। आग से कमरे के बाहर खड़ी चार बाइकें और स्कूटी भी जल गई। ये बाइकें और स्कूटी इसी मार्केट में रहने वाले लोगों की है।

आग से पूरे घर में धुंआ भर गया। लोगों ने बताया कि आग से बुजुर्ग दंपती की गृहस्थी और बाइक स्कूटी जलने से लाखों का नुकसान हुआ है। आरोप है कि बुजुर्ग दंपती के सामने किराये पर रहने वाली अन्नू मिश्रा ने बताया कि मेरे पति राहुल मिश्रा से काफी समय से विवाद चल रहा है। आज हमको जिंदा जलाने का प्रयास किया है।

वहीं, आग बुझने के बाद एक लेटर मिला है, जिसमें हमको जिंदा जलाने की धमकी दी गई है। मेरा पति एक अपराधी है, जो मोबाइल लूट में जेल भी जा चुका है। हमको मारने की धमकी दिया करता है। पुलिस ने कहा है कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### युवक पर लगा फर्जी वसूली करने का आरोप

**मुरादाबाद।** कोतवाली क्षेत्र के कटरा नाज में फर्जी इनकम टैक्स अधिकारी ने व्यापारियों से वसूली की कोशिश की। आरोपी ने कार्रवाई का डर दिखाकर चार व्यापारियों से पैसों की मांग की। शक होने पर व्यापारियों ने उसे पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया।

आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम मुजफ्फर बताया है। वह कुंदरकी के चक फाजलपुर गांव का निवासी है। नगर कोतवाली क्षेत्र के कटरानाज बाजार में सोमवार दोपहर करीब डेढ़ बजे व्यापारी अमित गुप्ता की दुकान पर एक युवक पहुंचा। उसने खुद को इनकम टैक्स अधिकारी बताया। आरोपी ने अमित गुप्ता से कहा कि तुम्हारा टैक्स जमा नहीं है। इस पर अमित गुप्ता ने अपनी फाइल निकाल कर दिखाई और कहा कि छह माह पहले ही जमा किया था।

मुगलपुरा के गुजराती स्ट्रीट निवासी रितेश रस्तोगी की किराना दुकान कटरानाज में है। आरोपी ने उनसे भी टैक्स जमा करने के लिए कहा। इसके अलावा लोहे के सामान के विक्रेता मुबासिर अली, कार्तिक को भी फर्जी इनकम टैक्स अधिकारी परेशान किया और 50–50 हजार रुपये की मांग की। शक होने पर व्यापारियों ने आरोपी से आईडी कार्ड मांगा। तब वह एक फर्जी आईडी दिखाने लगा। जिसमें कोई स्टांप नहीं लगा था।

### प्रयागराज से बंगलुरू के लिए चलेंगे ट्रेनें

**प्रयागराज।** जिले से बंगलूरू जाने वाले यात्रियों को रेलवे ने बड़ी राहत दी है। बंगलूरू जाने वाली तमाम ट्रेनों में यात्रियों की लंबी प्रतीक्षा सूची को देखते हुए उत्तर मध्य रेलवे प्रशासन ने प्रयागराज जंक्शन से सर एम.विश्वेश्वरैया टर्मिनल बंगलूरू के लिए सीधी ट्रेन चलाने की घोषणा की है।

प्रयागराज से ट्रेन प्रत्येक बुधवार को संचालित होगी। इसके अलावा रेलवे ने सूबेदारगंज से लोकमान्य तिलक एवं प्रयागराज से आनंद विहार के लिए भी स्पेशल ट्रेन चलाने की समय सारिणी जारी की है। प्रयागराज जंक्शन से एसएमवीटी बंगलूरू के लिए गाड़ी संख्या 04131 का संचालन 21 अप्रैल से 30 जून होगा।

प्रयागराज से बंगलूरू का सफर 42 घंटे में पूरा होगा। बुधवार रात 11रू30 बजे चलकर ट्रेन मानिकपुर, सतना, कटनी, जबलपुर, इटारसी, नागपुर, बल्लारशाह, वारंगल, विजयवाड़ा, चेन्नई सेंट्रल , काटपाडी, जोलारपेट्टई, कृष्णराजपुरम रुकते हुए मंगलवार शाम 6:30 बजे बंगलूरू पहुंच जाएगी।

# एक साथ उठे तीन जनाजे: रोडवेज बस की टक्कर से ई-रिक्शा सवार दो भाइयों समेत तीन की मौत, परिवार में कोहराम



**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**पीलीभीत।** जिले के पूरनपुर मार्ग पर सोमवार की रात करीब 10 बजे गजरौला थाना क्षेत्र में गांव कैंच के पास सवारी ले जा रहे ई–रिक्शा को सामने से रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। हादसे में ई–रिक्शा सवार दो भाइयों समेत तीन की मौत हो गई। सुनगढ़ी थाना क्षेत्र के नौगवां पकड़िया निवासी नईम (18) व हसीब शाह (20) पुत्रगण सलीम और साकिब (30) पुत्र रियासत अली सोमवार की रात करीब 10 बजे ई–रिक्शा से पूरनपुर जा रहे थे। ई–रिक्शा साकिब चला रहा था।

पीलीभीत–पूरनपुर मार्ग पर गांव कैंच के पास ई–रिक्शा को सामने से रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। हादसे में ई–रिक्शा सवार तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। पता चला तो ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर थाना पुलिस पहुंची। मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। तीनों युवक मैकेनिक थे। किसी परिचित की गाड़ी सही करने जा रहे थे।

सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी ने बताया कि जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम के बाद दोपहर में तीनों शव जब मोहल्ले में पहुंचे, तो कोहराम मच गया। एक साथ तीन शव देख हर किसी की आंख नम हो गई। बाद में गमगीन माहौल में तीनों शवों को सुपुर्द–ए–खाक कर दिया गया।

थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के मोहल्ला नौगवां पकड़िया निवासी फईम ने बताया कि नईम (18) और हसीब शाह (20) सगे भाई थे। जबकि साकिब (30) उनका फुफेरा भाई लगता था। दोनों एक ही गली में आमने–सामने रहते थे। नईम इलेक्ट्रिक का काम करता था, जबकि हसीब शाह बैटरी मिस्त्री था। सोमवार को बिठौरा कलां में किसी की गाड़ी खराब हो गई थी। जिसके बाद दोनों भाई साकिब के ई–रिक्शा से गाड़ी सही करने जा रहे थे। इसी दौरान थाना गजरौला क्षेत्र के ग्राम कैंच के समीप रात करीब 10 बजे उनका ई–रिक्शा पूरनपुर की ओर से आ रही रोडवेज बस से टकरा गया।

हादसे में तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही गजरौला पुलिस पहुंची। मृतकों के परिजनों को सूचना दी गई। जांच के बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे।

# प्रतिभा: सिविल सेवा में जिले की प्रियंका यादव का चयन होने से खुशी




**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**पीलीभीत।** यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2023 का परिणाम मंगलवार को घोषित कर दिया गया। यूपीएससी परीक्षा का परिणाम जारी होने के बाद कई घरों में खुशी का माहौल है। पीलीभीत की प्रियंका यादव ने भी सिविल सेवा परीक्षा में सफलता पाई है। उन्होंने 385 रैंक हासिल की है।

बेटी की सफलता पर माता–पिता की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। परिचित और रिश्तेदार बधाई देने पहुंचने लगे। शहर की राजीव कॉलोनी निवासी प्रियंका यादव के पिता जवाहर सिंह यादव जिला वालीबाल संघ के उपाध्यक्ष हैं। माता का नाम सरोज यादव हैं। उन्होंने बताया कि प्रियंका यादव बचपन से ही मेधावी रही हैं। उन्होंने सीबीएसई की 10वीं की पढ़ाई लायंस बाल विद्या मंदिर से पूरी की थी। उन्होंने जिले में टॉप किया था। इसके बाद 12वीं की परीक्षा में 93 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया था। प्रियंका यादव ने बुंदेलखंड इंजीनियरिंग कॉलेज झांसी से आईटी ब्रांच में बीटेक ऑनर्स किया।

वहां पर भी यह टॉप रहीं। उसके बाद प्रियंका ने यूपीएससी की कोचिंग दिल्ली से कर प्री में तीसरी बार और मेंस में पहली बार में ही क्वालीफाई किया। उनकी इस कामयाबी पर जिला वॉलीबल संघ के सचिव राजेश शुक्ला ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि संघ के लिए बहुत ही गौरव की बात है। संघ के सभी पदाधिकारी और खिलाड़ियों ने बधाई दी।

# सिसोलर पुलिस ने 4 इमानिया गैंगेस्टर बदमाशों को दबोचकर भेजा जेल




**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर की सिसोलर पुलिस को उस वख्त बड़ी कामयाबी मिली कि जब हमीरपुर पुलिस व स्वाट टीम की मिली जुली कार्यवाही के दौरान उत्तर प्रदेश समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम–1986 के थाना जरिया के हटवारा निवासी 21 वर्षीय फरार बदमाश विष्णुकांत श्रीवास पुत्र परमेश्वरी दयाल जबकि थाना सिसोलर के हुसैनिया निवासी 21 वर्षीय पवन कुमार अहिरवार पुत्र सुनील कुमार अहिरवार है।

मौदहा थाना क्षेत्र के बाघा मुहाल निवासी 19 वर्षीय जमशेदउद्दीन पुत्र इमामुद्दीन को थानाक्षेत्र के अंबेडकर पार्क पढोरी रोड से जबकि थाना मौदहा के तकिया मुहाल निवासी 25 वर्षीय सद्दाम पुत्र पीरगुलाम को किशन बाबू शिवहरे डिग्री कॉलेज सिसोलर के पास से धर दबोचा, पकड़े गये बदमाश सद्दाम के कब्जे से 315 बोर का एक अवैध तमंचे के साथ ही एक जिंदा कारतूस बरामद करने में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है।

सिसोलर पुलिस ने पकड़े गये बदमाशों के खिलाफ आर्मस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। जबकि पुलिस ने चारो इनामिया गैंगेस्टर बदमाशों को जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया गया है। बदमाशों को दबोचने वाली पुलिस टीम में खास तौर से सिसोलर थानाध्यक्ष मयंक चन्देल, एस ओजी प्रभारी सचिन शर्मा, एस आई जय कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने ई रिक्शा जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर में स्वीप कार्यक्रम के दौरान मतदाताओं को जागरूक करने के इरादे से हमीरपुर जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल पाण्डेय ने ई रिक्शा रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

इस मौके पर जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय ने कहा कि जनपद वासियों को रैली के जरिये संदेश देते हुए जागरूक किया जा रहा है कि अपना कीमती वोट 20 मई को मतदान केंद्र में जाकर जरूर डालें। रैली कलेक्ट्रेट परिसर से रवाना होकर बस स्टैंड, अमन शहीद, रहुनियां, पशु चिकित्सालय, सैय्यदवाडा, कालपी चौराहा, कोतवाली, किंगरोड, स्टेडियम होते हुए लक्ष्मीबाई पार्क में समाप्त हुई। रैली के दौरान चन्द्रशेखर शुक्ला सीडीओ स्वीप नोडल अधिकारी, साधना दीक्षित परियोजना निदेशक, अजीत कुमार डीडीओ मौजूद रहे। यातायात इंतिजामो की बेहतर जिम्मेदारी प्रभारी हरेन्द्र सिंह ने सम्भाली।

# बोलेरो की टक्कर से युवक की मौत, महिला घायल




**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**बांदा।** जिले में खेत से फसल काटकर लौट रहे युवक व एक महिला को पीछे से आई बोलेरो ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को बबेरू सीएचसी से बांदा लाया गया। इनमें घायल युवक को प्रयागराज रेफर किया गया, वहां उसकी मौत हो गई।

बबेरू कोतवाली क्षेत्र के कोर्रम गांव निवासी रीतेश पटेल (18) सोमवार शाम साढ़े छह बजे के करीब अपने खेत से गेहूं की फसल काटकर घर आ रहा था। उसके पीछे गांव की ही मंजू देवी (30) भी आ रही थीं। तभी अतर्रा की ओर से आई बोलेरो ने पीछे से उन्हें टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलने पर परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंचे। बोलेरो चालक ने भी गाड़ी रोक कर घायलों को सीएचसी पहुंचाया। वहां से डॉक्टरों ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल के लिए रेफर किया। जिला अस्पताल से देर रात रीतेश पटेल को रेफर किया गया। परिजन उसे लेकर प्रयागराज पहुंचे, वहां उसने दम तोड़ दिया।

# एएमयू की आरसीए के तीन छात्रों को सिविल सेवा परीक्षा में मिली सफलता



**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**लखनऊ।** संघ लोक सेवा आयोग ने सिविल सेवा परीक्षा 2023 का रिजल्ट घोषित कर दिया। एएमयू में आरसीए के तीन छात्र–छात्रों ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में कामयाबी हासिल की है। तीनों ने अधिकारी पद पर रहते हुए सफलता अर्जित की।

अलीगढ़ मुस्लिम विश्व विद्यालय के आरसीए यानी आवासीय कोचिंग अकादमी के तीन छात्र–छात्राओं ने यूपीएससी में सफलता हासिल की है।

जुफिशां हक ने एआईआर 34, नाजिया परवीन ने एआईआर 670 और अब्दुल्ला जाहिद ने एआईआर 744 रैंक पाकर ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2023 के एग्जाम को क्रैक किया है। तीनों अभ्यर्थियों ने अधिकारी पद पर रहते हुए अपनी ड्यूटी को अंजाम दिया और साथ ही साथ बचे हुए समय में नियमित एग्जाम की तैयारी जारी रखी। एएमयू के वीसी प्रोफेसर मोहम्मद गुलरेज, रजिस्ट्रार मोहम्मद इमरान आईपीएस और निदेशक आरसीए प्रोफेसर सगीर अहमद अंसारी ने यूपीएससी में सफल अभ्यर्थियों को बधाई दी।

# खुद को बीएसएफ का जवान बता शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म



**अमर भास्कर, ब्यूरो।**

**हरदोई।** जिले के पाली में खुद को बीएसएफ का जवान बताकर प्रयागराज के एक युवक ने युवती से दोस्ती कर ली। फिर शादी का झांसा देकर युवती का शारीरिक शोषण किया। बाद में युवक ने शादी करने से इनकार कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मंगलवार को युवक, उसके दो भाइयों और मां के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। हरदोई के पाली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वर्ष 2022 में वह बीए की पढ़ाई कर रही थी।

इसी दौरान एक दिन उसके मोबाइल पर एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने अपना नाम–पता प्रयागराज जनपद के नवाबगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत ताजपुर भीकमपुर निवासी अभिषेक यादव बताया। युवती के मुताबिक अभिषेक ने खुद को बीएसएफ का जवान बताया और पश्चिम बंगाल में तैनात होने की बात कही। 2023 में अभिषेक घर आया और युवती के माता–पिता से शादी करने इच्छा जताई। युवती का आरोप है कि परिजनों ने रिश्ते के लिए सहमति दे दी।

इस दौरान अभिषेक कई बार घर आया और शारीरिक संबंध बनाए। युवती ने बताया कि 2023 में वह फतेहगढ़ में रहकर पढ़ाई कर रही थी, अभिषेक वहां भी आता–जाता रहा। सितंबर 2023 में अभिषेक अपने परिजनों के साथ घर आया और शादी की कुछ रस्म अदा की। दिसंबर 2023 में अभिषेक ने शादी से इनकार कर दिया।

इस पर युवती के पिता व परिजन अभिषेक के घर गए तो उसकी मां लक्ष्मी देवी, भाई ललित और आशीष ने अभद्रता की। उधर, चार महीने तक सुलह–समझौते ही बात चलती रही।

# समाज, राज्य और देश की भलाई के लिए सबसे पहले करें मतदान फिर कोई काम



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में जनपद बदायूं के मतदान दिवस 07 मई 2024 को शत प्रतिशत मतदान हेतु मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता जागरूकता रैली को जिलाधिकारी कार्यालय गेट से मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अपने निर्धारित मार्ग से मतदाता रैली इस्लामिया इंटर कॉलेज बदायूं में रैली पहुंची। मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थित सभी अधिकारियों, शिक्षकों और स्टूडेंट को मतदाता शपथ दिलाई।

मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने लोकतंत्र के इस महात्यौहार में वोट डालना बहुत जरूरी है इसलिए जनपद बदायूँ में 07 मई 2024 को होने जा रहे लोकसभा के चुनाव में मतदान दिवस वाले दिन अधिक से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें जो हमारे समाज, राज्य और देश की भलाई के लिए जरूरी है, जितना अधिक मतदान होगा, हमारा लोकतंत्र उतना ही ज्यादा मजबूत होगा।

रैली सबसे पहले मतदान उसके बाद कोई काम इस स्लोगन के साथ चलकर मतदाताओं को जागरुक करते हुए महाराणा प्रताप चौक से लावला चौक होते हुए गोपी चौक से जालंधरी सराय चौराहे से होते हुए रास्ते में पड़ने बाजार, घर प्रतिष्ठान पर रैली के साथ लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए वोट करने की अपील की। मतदाता जागरूकता रैली में सम्मिलित डिग्री कालिज, कालिज के स्टूडेंट हाथ में मतदाता जागरूकता के स्लोगन लिखी पट्टिकाएं लेकर चल रहे थे और आम जनमानस को मतदाता जागरूकता के नारे लगा कर मतदान के लिए जागरूक कर रहे थे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त वैभव शर्मा, एआरटीओ प्रवर्तन अंबरीश कुमार सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राएं व आमजन मौजूद रहे।

# पूर्व कमिश्नर बाबा हरदेव सिंह विचार मंच के जिलाध्यक्ष बने डॉक्टर एचएस पटेल




**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** पूर्व कमिश्नर बाबा हरदेव सिंह (पूर्व अध्यक्ष/आजीवन संरक्षक पीसीएस संघ ब उत्तर प्रदेश अधिकारी एव कर्मचारी परिषद) के निर्देश पर प्रदेश संयोजक जितेंद्र सिंह ने बाबा हरदेव सिंह विचार मंच का डॉक्टर एचएस पटेल को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया। आपको बता दें की पूर्व कमिश्नर बाबा हरदेव सिंह विचार मंच भ्रष्टाचार के खिलाफ पर्यावरण व शिक्षा को समर्पित एक संगठन है जिलाध्यक्ष बनने के बाद डॉक्टर एचएस पटेल ने कहा कि आदरणीय बाबा हरदेव सिंह जी की विचार धारा को घर घर तक पहुंचाने के लिए पूर्ण प्रयास किया जायेगा।बही फरियाद अली अल्वी को संगठन का बिल्सी तहसील का अध्यक्ष बनाया गया।

## सार-संक्षेप

### भाजपा के घोषणापत्र और पीएम मोदी के भाषण से महंगाई और बेरोजगारी गायब: संजय सिंह



**बदायूं।** युवक कांग्रेस पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष संजय सिंह एव जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओमकार सिंह ने ग्राम कुदारनी, सिमर्रा, गढोली, कठोली, सतेती में इंडिया गठबन्धन के प्रत्याशी आदित्य यादव के समर्थन में जनसंपर्क किया इस अवसर पर पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस संजय सिंह ने कहा कि भाजपा के घोषणापत्र और पीएम मोदी के भाषण से महंगाई और बेरोजगारी गायब है। लोगों के जीवन से जुड़े सबसे अहम मुद्दों पर भाजपा चर्चा तक करना नहीं चाहती। उन्होंने कहा आइएनडीआइए की योजना बिल्कुल स्पष्ट है-30 लाख पदों पर भर्ती और हर शिक्षित युवा को एक लाख की पक्की नौकरी। युवा इस बार मोदी के झांसे में नहीं आने वाले। अब वे कांग्रेस का हाथ मजबूत कर देश में रोजगार क्रांति लाएंगे उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी जुमलों की वारंटी है, क्योंकि वह पूर्व में किए गए वादों को पूरा करने में नाकाम रहे हैं। उन्होंने कहा पुरानी गारंटियों के लिए कोई जवाबदेही नहीं, कोरी बयानबाजी। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओमकार सिंह ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने कार्यकाल के दौरान कोई ऐसा बड़ा काम नहीं किया, जिससे देश की जनता को फायदा हो। युवा नौकरी मांग रहे हैं। उन्होंने कहा ष्मोदी हैं तो महंगाई हैं। खाने-पीने की चीजों और जरूरी चीजों की कीमतों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है, क्या प्रधानमंत्री के पास परिवारों को इस मूल्य वृद्धि की मार से बचाने की कोई योजना है? महिलाओं को आर्थिक मुख्यधारा में वापस लाने का कोई समाधान है? परशुराम चौक स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओमकार सिंह द्वारा मनोनयन पत्र जारी कर ऊपर पारा निवासी फरीदा रानी बनो को जिला कांग्रेस कमेटी में जिला मंत्री मनोनीत किया फरीदा रानी बनो को जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष व प्रवक्ता प्रदीप सिंह एव प्रदेश उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सेवादल यूथ बिग्रेड शफी अहमद ने पत्र सौपा इस अवसर पर प्रदीप सिंह ने कहा महंगाई के कारण खाद्य पदार्थों की कीमतें आसमान छू रही हैं, लेकिन भाजपा के घोषणापत्र में इस पर कोई बात नहीं की गई है उन्होंने कहा कि 2014 के अपने घोषणापत्र में मोदी ने एक विशेष कार्यबल बनाकर काला धन वापस लाने का वादा किया था, लेकिन इसके बजाय आए चुनावी बांड इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सेवादल यूथ बिग्रेड शफी अहमद ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ स्कीम के प्रभाव को लेकर भी सवाल उठाए।

### एसडीएम बिसौली ने गेहूं खरीद केन्द्र का किया निरीक्षण




**बिसौली।** उप जिलाधिकारी कल्पना जायसवाल ने मोहम्मदपुर मई गांव में पहुंचकर गेहूं खरीद के साथ निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए प्राथमिक विद्यालय में बनाए गए पोलिंग बूथों का भी निरीक्षण किया। एसडीएम कल्पना जायसवाल ने निरीक्षण के दौरान मौजूद किसानों से गेहूं की तौल के दौरान आने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। एसडीएम गेहूं क्रय केंद्र बेहटा कोड़ा स्थित ग्राम मोहम्मदपुर मई की गेहूं खरीद से संतुष्ट नजर नहीं आई। उन्होंने ए. आर. कोऑपरेटिव को केंद्र प्रभारी के खिलाफकार्रवाई करने को कहा। इधर एसडीएम कल्पना जायसवाल ने मोहम्मदपुर मई के प्राथमिक विद्यालय में बनाए गए बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने गांव की महिला मतदाताओं से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि इस बार सभी अपना वोट अवश्य डालें और लोकतंत्र को मजबूत करें। इस दौरान संदीप कुमार, हरविलास आदि मौजूद रहे।

# रामनवमी की पूर्व संध्या पर विद्यालय में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** भगवान परशुराम विद्या मन्दिर इण्टर कालेज नेकपुर में रामनवमी से एक दिन पूर्व श्री रामलला पूजन महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें छोटे छोटे बच्चों को श्री राम बनाया गया। जो कि बहुत मनमोहक लग रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष रामबहादुर पाण्डेय ने की।

मुख्य अतिथि कारागार अधीक्षक डा विनय दुवे ने श्री राम बने बच्चों का तिलक लगाकर पुष्प वर्षा करके पूजन किया। जय-जय श्री राम के जयकारों से स्कूल परिसर गूंज उठा। इसके बाद बच्चों के बीच फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने राम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान की वेशभूषा में सबको मुग्ध किया। प्रतियोगिता में विजयी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। छात्रों ने भजन प्रस्तुत किए।

मुख्य अतिथि डा विनय दुवे ने संबोधित करते हुए कहा कि ये त्यौहार भगवान राम के जन्म का जश्न मनाता है जो भगवान विष्णु के अवतार हैं। भगवान राम, जो अयोध्या के राजा बने, अपने अनुकरणीय गुणों के लिए जाने जाते थे। वह लोकप्रिय, बहादुर, दयालु, न्यायप्रिय, बुद्धिमान, धैर्यवान, प्यार करने वाले, आज्ञाकारी और कर्तव्यपरायण थे। भगवान राम की हमेशा उनकी पत्नी सीता, भाई लक्ष्मण और भक्त हनुमान के साथ पूजा की जाती है।

विशिष्ट अतिथि आयकर अधिकारी शिवकुमार शुक्ल ने कहा कि भगवान राम की पूजा के साथ-साथ सूर्य देव की पूजा भी की जाती है , क्योंकि राम को सूर्य से उत्पन्न या सौर वंश का माना जाता है। राम नवमी उत्सव में महान महाकाव्य रामायण को पढ़ना और राम लीला के नाटकों या भगवान राम के जीवन की लीलाओं का मंचन करना शामिल है। कार्यक्रम अध्यक्ष रामबहादुर पाण्डेय ने संबोधित करते हुए कहा कि भगवान राम को एक आदर्श इंसान और सत्य, धार्मिकता, वीरता और साहस का प्रतीक माना जाता है। यह त्यौहार दुनिया भर में सभी श्री राम भक्तों द्वारा बड़ी भव्यता के साथ मनाया जाता है। हम सबको भी श्री राम से सीख लेना चाहिए। विद्यालय प्रधानाचार्य ब्रजेश शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन कुसुम सक्सेना व पवन शंखधार ने किया। इस अवसर पर ब्रजेश शर्मा, उर्मिला शर्मा, हिमांशु मिश्र, आकाश उपाध्याय, धनंजय मिश्रा, शिव दीप सिंह, निहार पाराशरी, पवन शंखधार, अवनेश सक्सेना, सुरेश सिंह, आर्येंद्र सिंह, आदि मौजूद रहे।

# तेजाब पीने से ईलाज के दौरान युवक की मौत



**अमर भास्कर, संवाददाता**

**उसावां।** तेजाब पीने से एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई, मृतक नगर पंचायत उसावाँ में सफाई कर्मचारी पद पर कार्यरत था।

नगर के वार्ड एक में वीरपाल वाल्मीकि 42 वर्ष पुत्र गेंदनलाल वाल्मीकि ने सोमवार की शाम साढ़े छह बजे घर पर ही तेजाब पी लिया, तेजाब पीने पर युवक वीरपाल की हालत बिगड़ गई, परिजन इलाज के लिए बदायूँ मेडिकल कालेज ले गये जहाँ पर इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पर थाना पुलिस ने युवक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक नगर पंचायत उसावाँ में संविदा सफाई कर्मचारी पद पर कार्यरत था, मृतक के तीन बच्चे हैं दो पुत्र एक पुत्री, सबसे बड़ा पुत्र 18 साल का व सबसे छोटा पुत्र 14 साल का है , युवक की अचानक मौत हो जाने से परिजनों का रोरोकर बुरा हाल है।

# परिषदीय विद्यालय में हुआ कन्या पूजन



**अमर भास्कर, संवाददाता**

**किशनपुर।** नवरात्रि के पावन अवसर पर आज अष्टमी के दिन प्राथमिक विद्यालय किशनपुर में माँ महागौरी की पूजा अर्चना व कन्या पूजन के बाद बच्चों को खीर पुड़ी व सब्जी के साथ विधिवत भोज कराया गया तथा बाद में दक्षिणा स्वरूप कॉपी पेन पेंसिल इत्यादि वितरित कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया।

आयोजन में संपूर्ण विद्यालय स्टाफ इंचार्ज प्रधानाध्यापक रूबी यादव सहायक अध्यापक अभिषेक गुप्ता शिक्षामित्र संतोष कुमारी का योगदान रहा।

# डीपीआरओ श्रेया मिश्रा ने किया वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण



**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण जिला पंचायत अधिकारी श्रेया मिश्रा द्वारा किया गया जिसमें वन स्टॉप सेंटर मैनेजर प्रतीक्षा मिश्रा द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान समय में 12 पीड़िता संवासित है जिसमें निरीक्षण समय पर 5 पीड़ितएं मौजूद पाई गई पीड़ितों से जिला पंचायत अधिकारी द्वारा वार्ता की गई जिसमें सुख सुविधाओं के बारे में पूछा गया पीड़िता द्वारा सारी व्यवस्थाएं उचित बताई गई व वन स्टॉप सेंटर पर उन्हें किसी प्रकार की तकलीफ नहीं है तत्पश्चात सीसीटीवी कैमरे का निरीक्षण किया गया जो कि सही पाए गए रिसेप्शन पर महिला आरक्षी मौजूद मिली जिन पीड़िताओ को विलंब हो रहा था उन्हें उनकी महिला आरक्षी को आदेश दिया गया शीघ्र कार्यवाही करवाएं इसी क्रम में चाइल्ड हेल्पलाइन कार्यालय की जानकारी ली गई जहा पर परियोजना समन्वयक कमल शर्मा द्वारा अवगत कराया गया की वर्तमान माह अप्रैल में कुल 21 कैसे प्राप्त हुए हैं, जिसका निस्तारण संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर कर दिया गया है। निरीक्षण के दौरान रवि कुमार संरक्षण अधिकारी, लक्ष्मी तिवारी महिला आरक्षी के साथ वन स्टाफ सेंटर एवं चाइल्ड हेल्पलाइन का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा

# बिसौली ईओ ने किया बूथ सेंटरों का निरीक्षण



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बिसौली।** ईओ अनूप राय ने मंगलवार को नगर के पोलिंग बूथों का स्थलीय निरीक्षण किया। मदनलाल इंटर कालेज आदि मतदान केंद्रों व बूथों का निरीक्षण किया। अधिशासी अधिकारी अनूप राय ने सफाई नायकों को निर्देश दिए कि बदायूं लोकसभा का मतदान 7 मई को होगा। नगर के मतदान केंद्रों के प्रयेक बूथ पर सफाई व्यवस्था के उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। श्री राय ने कहा की सफाई व्यवस्था में लापरवाही किसी सूरत में सहन नहीं की जाएगी। उन्होंने नगर के पोलिंग बूथों पर आवश्यक व्यवस्थाओं पीने का पानी, शौचालय आदि की व्यवस्था को देखा। इस दौरान मदनलाल इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल नरेंद्र पाल सिंह, जितेंद्र कुमार, राजीव कुमार, रतेंद्र सिंह, रजनीश चौधरी, शशि भास्कर सिंह, प्रभात कुमार दुबे आदि उपस्थित रहे।

# नाला नहीं तो वोट नहीं मामले में हजरतगंज पहुंचा प्रशासनिक अमला



**अमर भास्कर, संवाददाता**

**उझानी।** बीते दिनों ब्लाक क्षेत्र के ग्राम हजरतगंज के ग्रामीणों ने नाला नहीं तो वोट नहीं के पोस्टर के साथ लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का ऐलान किया था। इस मामलें मे प्रशासन की तरफ से तहसीलदार सुरेन्द्र , बीडीओ शैली गोयल के नेतृत्व में प्रशासनिक अमले ने ग्रामीणों से बात की और रास्ते से पानी निकालने इलेक्शन के बाद जल्द नाला निर्माण का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने दावा किया है कि सब कुछ ओके है वहीं ग्रामवासी अपनी बात पर आज भी अडे हुए है। कि जब तक नाला नहीं तब तक वोट नहीं।

आपको बताते चलें 14 अप्रैल को दिल्ली हाईवे स्थित गांव हजरतगंज के ग्रामीणों ने दीवारों पर, नाला नहीं तो वोट नहीं, का नारा व दीवारों पर लिख कर प्रदर्शन किया था जनप्रतिनिधियों के खिलाफ अपना गुस्सा निकालते हुए प्रदर्शन भी किया था व तीन हजार आबादी के गांव ने मतदान बहिष्कार का ऐलान किया था तहसीलदार सुरेन्द्र, बीडीओ शैली गोयल, हल्का लेखपाल प्रमोद कुमार, कानूनगो राजेश शर्मा, ग्रामपंचायत विकास अधिकारी अमोल पाराशर, एडीओ पंचायत नीरज कुमार ने गांव पहुंच कर ग्राम प्रधानपति बृहम पाल व ग्रामीणों से बात कर समस्या समाधान का आश्वासन दिया और कहा कि कल सडक से जमा पानी व कीचड़ को हटा दिया जाएगा, जिससे आने जाने को रास्ता सही हो जाऐ वही प्रस्ताव भेजकर जल्द ही स्वीकृत करा कर नाला निर्माण को निर्माण शुरू करा दिया जाएगा। अधिकारियों व ग्रामीणों के बीच हुई वार्ता से लगता है कि समस्या जस की तस है। अधिकारियों की बात से ग्रामीण सहमत नजर नहीं आ रहे हैं उनका कहना है कि जब तक नाला नहीं वोट नहीं, तीन साल से पूरा गांव पानी व कीचड़ के रास्ते निकल रहा है तब से सिर्फ आश्वासन ही मिल रहा है आपको बतादें पूरा गांव एकजुट है ओर नाला निर्माण से पहले अपनी बात पर डटा हुआ है। इस अवसर पर मनोज कुमार सिंह, छोटेलाल, उमेश शर्मा, रामदास, प्रेमपाल, वंसी लाल, सोहनपाल, माथुर, शुशीला, द्रोपदी, रातिकला, सत्यवती, रुचि, रामबेटी, प्रीति, राखी आदि ग्रामीण शामिल रहे।

# धूमधाम से मनाई सम्राट अशोक महान की जयंती



**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** लार्ड बुद्धा संस्कृति विकास ट्रस्ट रजि. के कैम्प कार्यालय खेड़ा नवादा पर सम्राट अशोक महान की जंयती को बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। अखण्ड भारतवर्ष के निर्माता, परम प्रतापी, महा शूरवीर, दिग्विजयी, चक्रवर्ती सम्राट आशोक महान की जयंती पर उन्हें कोटि कोटि नमन करते हुये विश्वनाथ मौर्य एडवोकेट ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुये कहा कि अखण्ड, समृद्ध तथा शक्तिशाली भारतवर्ष की परिकल्पना को पूर्ण कर भारतवर्ष के इतिहास को स्वर्णिम एवं गौरवशाली बनाने के लिए युगों-युगों तक आपको याद किया जाएगा। इस मौके पर सुशील मौर्य, रामबाबू मौर्य, सोनू मौर्य, विनोद मौर्य, नेत्रपाल सिंह कुशवाहा, नन्द राम सिंह शाक्य आदि लोग उपस्थित रहे।

## संपादकीय

## जीसटी सुधार को प्राथमिकता




बीते दशक के सबसे महत्त्वपूर्ण सुधारों की बात करें तो वस्तु एवं सेवा कर सुधार उनमें से एक है। बहरहाल, कई वजहों से इसका प्रदर्शन शुरुआती अनुमानों की तुलना में कमजोर रहा और अर्थव्यवस्था को इससे उतना लाभ नहीं मिला जितनी कि कल्पना की जा रही थी। हाल के वर्षों में कर संग्रह में सुधार हुआ है और इसमें बहुत सुधार की गुंजाइश है। जीएसटी से जुड़े निर्णय यद्यपि जीएसटी परिषद लेती है लेकिन अगली केंद्र सरकार चाहे जिस दल या गठबंधन की हो, उसे लंबित सुधारों को गति देनी चाहिए। उसे जीएसटी 2.0 के तहत न केवल कर संग्रह बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए बल्कि समग्र अप्रत्यक्ष कर प्रशासन में सुधार करना चाहिए जिससे देश में कारोबारी सुगमता बढ़े। वर्ष 2023-24 में समग्र जीएसटी संग्रह में 11.7 फीसदी का सुधार हुआ और यह 20.18 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। सकल घरेलू उत्पाद के दूसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार यह संग्रह जीडीपी का 6.86 फीसदी था। शुद्ध रिफंड की बात करें तो संग्रह जीडीपी के 6.13 फीसदी तक रहा जो पिछले वर्ष से बेहतर है। बहरहाल, राजस्व संग्रह का आकलन जीएसटी समेत सभी करों के आधार पर होना चाहिए। कर से होने वाला सामान्य सरकारी राजस्व संग्रह जीएसटी में शामिल होने के बाद 2016-17 में जीडीपी का 6.3 फीसदी रहा। वर्तमान प्रदर्शन अधिक निराश करने वाला होगा, अगर उपकर को इससे बाहर कर दिया जाए। ध्यान रहे जीएसटी के मूल डिजाइन में ऐसा ही था। उपकर इसलिए संग्रहीत किया गया ताकि राज्यों को क्रियान्वयन के पहले पांच वर्ष तक राजस्व में होने वाली कमी को पूरा किया जाए। बहरहाल, उपकर संग्रह पांच वर्ष के बाद भी जारी रहा ताकि उस कर्ज को चुकाया जा सके जो महामारी के दौरान राज्यों को की जाने वाली क्षतिपूर्ति के लिए लिया गया था। रिफंड और उपकर को हटा दें तो जीएसटी संग्रह जीडीपी के छह फीसदी के नीचे आ जाएगा। जीएसटी के कमजोर प्रदर्शन की कई वजह हैं। इनमें राजनीतिक कारणों से दरों में अपरिपक्व ढंग से कमी करना भी शामिल है। दरों की बहुलता ने कई भ्रम पैदा किए। कई मामलों में शुल्क उलट दिया गया जिससे राजस्व वर्षों तक प्रभावित हुआ। सूचना प्रौद्योगिकी और अनुपालन से जुड़े मुद्दों को भी काफी हद तक हल कर दिया गया है परंतु वे व्यवस्था की बुनियादी कमियों को दूर नहीं कर सकते। भारतीय रिजर्व बैंक ने सितंबर 2019 में अनुमान लगाया था कि दरों में विविध समायोजन ने यह दर्शाया है कि जीएसटी की शुरुआत में जो प्रभावी औसत दर 14.4 फीसदी थी वह 11.6 फीसदी रह गई। अगली सरकार को प्राथमिकता के साथ जीएसटी परिषद को इस बात के लिए प्रेरित करना चाहिए कि वह राजस्व निरपेक्ष दर तैयार करे। इसके साथ ही दरों की स्लैब को भी तार्किक बनाने की जरूरत है। अधिकांश वस्तुओं और सेवाओं को एक दर के अधीन करना चाहिए। केवल चुनिंदा अनिवार्य वस्तुओं पर कर दर कम होनी चाहिए जबकि 'नुकसानदेह' उत्पादों पर कर दर बढ़ाई जा सकती है। परिषद को पेट्रोलियम उत्पादों को भी जीएसटी के अंतर्गत लाने पर विचार करना चाहिए। अन्य सुधारों से इतर परिषद को उपकर पर भी चर्चा करनी चाहिए। उपकर लगाने की अवधि मार्च 2026 तक बढ़ा दी गई है लेकिन विश्लेषक मानते हैं कि क्षतिपूर्ति के लिए जो कर्ज लिया गया था वह जल्दी चुका दिया जाएगा। एक नजरिया यह भी है कि उपकर को जीएसटी दरों में शामिल करना चाहिए। बहरहाल, यह उचित नहीं होगा और बुनियादी रूप से जीएसटी के प्रारंभिक वादे के विपरीत होगा। जीएसटी राजस्व बढ़ाने की जरूरत है लेकिन ऐसा करने के लिए व्यवस्था की बुनियादी खामियों को दूर किया जाना चाहिए। चुनिंदा वस्तुओं पर भारी कर लगाना जीएसटी के मूल विचार के विरुद्ध होगा।

# दोधारी तलवार: युद्ध के स्वरूप में बदलाव के साथ तैयारी जरूरी

हर वर्ष 27 अक्टूबर को भारतीय सेना 'इन्फैंट्री डे' मनाती है। यह दिन पैदल सैनिकों की बहादुरी को याद करने के लिए मनाया जाता है जो सेना के लड़ाकू दस्ते का सबसे बड़ा हिस्सा हैं। सन 1947 में इसी दिन पाकिस्तान के कबायली घुसपैठियों ने कश्मीर घाटी पर भीषण हमला किया था और तब भारतीय इन्फैंट्री के सैनिकों मसलन फर्स्ट सिख और फोर्थ कुमाऊं जैसी बटालियन को पुराने डकोटा परिवहन विमानों की मदद से श्रीनगर हवाई अड्?डे तक पहुंचाया गया ताकि कबायलियों को रोका जा सके।

उस वक्त तक कबायली श्रीनगर के करीब पहुंच चुके थे और हवाई अड्?डे को कब्जे में करने की फिराक में थे। थोड़े हथियार और ढेर सारे साहस की बदौलत चुनिंदा भारतीय सैनिकों ने पाकिस्तानियों को श्रीनगर के बाहर ही रोक दिया और उन्हें वहां वापस धकेल दिया जो बाद में सीमा कहलाई। इस तरह जम्मू कश्मीर भारत का हिस्सा बना रहा। आज तक नियंत्रण रेखा पर भारतीय सीमा चैकियों पर भारत के उन इन्फैंट्रीमेन के नाम उल्लिखित हैं जिन्होंने उनकी रक्षा करते हुए अपनी जान गंवाई।

उनके बलिदान का सम्मान करते हुए हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि उनमें से कई को इसलिए जान गंवानी पड़ी कि उस समय सेना वैसे युद्ध के लिए तैयार नहीं थी। सन 1947 में श्रीनगर, बारामूला, पुंछ, नौशेरा और अन्य स्थान, 1962 में जसवंतगढ़ और वालॉन्ग, 1965 में हाजी पीर पास को वापस लेने से लेकर 1971 में बांग्लादेश की आजादी तक भारत की लड़ाकू टुकड़ियां अक्सर भयानक परिणामों के साथ आरंभिक लड़ाई में हार जाती थीं। यह तो देश के योजनाकारों को सुनिश्चित करना चाहिए कि ऐसा फिर न हो।

समकालीन युद्ध का विश्लेषण करना इसलिए मुश्किल है क्योंकि यूक्रेन में चल रही लड़ाई में नए और पुराने युद्ध का मिश्रण है। तोपखाना, बारूदी सुरंग और खाई के जरिये युद्ध आदि पहले विश्व युद्ध के समय के तरीके हैं और यूरोप की तोपों की गोलाबारी पर ड्रोन से नजर रखी जा



रही है और उसे टैबलेट कंप्यूटर की मदद से संयोजित किया जा रहा है। यह सैटेलाइट के माध्यम से इंटरनेट से जुड़ा हुआ है। हल तक पहुंचने के लिए यह पता लगाना जरूरी है कि क्या नहीं बदलेगा, क्या बुनियादी रूप से बदल जाएगा और उन अंतर्दृष्टियों को कैसे लागू किया जाएगा। युद्ध ने यह भी दिखाया है कि युद्ध में जवानों के इस्तेमाल की एक सीमा है। अगर मामला केवल सैनिकों और टैंकों की तैनाती का होता तो रूस ने बहुत पहले कीव पर कब्जा कर लिया होता। यूक्रेन ने उन्हें दूर रखने के लिए पहले जैवलिन और स्टिंगर जैसी हाथ से छोड़ी जाने वाली मिसाइलों का इस्तेमाल किया। यह बड़े बदलाव को रेखांकित करता है। इसमें यूक्रेन और हिंद-प्रशांत का गहरा अध्ययन और आर्टिफिशल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग का इस्तेमाल शामिल है।

समकालीन युद्ध कला के कई विद्वानों का कहना है कि हालांकि 90 फीसदी हथियार दोनों पक्षों से इस्तेमाल किए जा रहे हैं जिनमें विमान, टैंक, तोपखाना और सशस्त्र जवानों को ले जाने वाले वाहन आदि शामिल हैं वे 20वीं सदी में विकसित किए गए थे। अन्य 10 फीसदी का परिवर्तनकारी प्रभाव होगा। इनमें से प्रमुख है निरूशस्त्र हवाई वाहन जो शादियों तथा अन्य अवसरों पर खूब इस्तेमाल किए जा रहे हैं। ये शत्रु का पता लगा सकते हैं या हथगोले अथवा विस्फोटक को शत्रु के जवानों के ऊपर गिरा सकते हैं। यूक्रेन को पश्चिम से ऐसे ड्रोन मिले जिनमें तुर्किए का बेरक्तार टीबी2, अमेरिका का स्विचब्लेड 300 और फीनिक्स घोस्ट तथा ऑस्ट्रेलिया का प्रिसीजन पेलोड डिलिवरी सिस्टम शामिल है। इस बीच रूस ईरान में बने और खुद फट जाने वाले ड्रोंस तथा अपने लांसेट ड्रोंस और जीपीए निर्देशित ग्लाइड बॉम्ब पर निर्भर रहा। ड्रोन धीमे उड़ते हैं, बहुत शोर करते हैं और उन्हें आसानी से जाम किया जा सकता है। उन पर गोली, मिसाइल या जैमिंग उपकरणों का इस्तेमाल किया जा सकता है। ब्रिटिश थिंक टैंक रॉयल यूनाइटेड सर्विसेज इंस्टीट्यूट के मुताबिक किसी लड़ाई में ड्रोन औसतन तीन उड़ानें भर पाता है। चीन और अमेरिका बड़े पैमाने पर स्वचालित उपकरण बना रहे हैं और भविष्य में ड्रोन की तादाद बढ़ने वाली है। यूक्रेन के एक अधिकारी ने कहा, एक नई तरह की सेना होगी। वायु सेना और तोपखाने की तरह ड्रोन भी एक ताकत होंगे। यानी सेना के भीतर एक अलग सेना होगी।' अमेरिका सेना नए तरह के युद्ध के लिए तैयार रहने में यकीन करती है और उसने आर्मी फ्यूचर्स कमांड नामक एक नया कमांड ढांचा बनाया है। सेना में रह चुके एरिजोना के रिपब्लिकन सीनेटर जॉन मैकेन 2018 में इसकी स्थापना की प्रमुख वजह थे। उस समयसेना महंगे हथियारों को बनाने के कार्यक्रमों को रद्द किए जाने से परेशान थी।

# भविष्य के परिपथ पर अग्रसर भारतीय महिलाएं

भारतीय नारी के बारे में उर्दू के मशहूर शायर असरारुल हक उर्फ मजाज लखनवी ने बहुत खूब कहा है कि तेरे माथे पे यह आँचल बहुत खूब है लेकिन तू इस आँचल से एक परचम बना लेती तो अच्छा था। जी बिलकुल सही कहते है कि भारतीय नारी अपनी संस्कृति और तहजीब को सजोकर भारतीय परिवेश में ही सुंदर लगती हैं। संस्कृति एवं संस्कार भारतीय नारी के गहने है। परंतु संस्कृति एवं संस्कार के नाम पर उनका दोहन करना, उनकी बेड़िया बनाकर घर की चारदीवारी में कैद कर देना बिलकुल गलत है। भारतीय समाज में शायद महिलाओं के साथ यही होता आया है। उनकी स्तिथि में सदैव विरोधाभास पाया गया है। भारतीय संस्कृति की पावन परंपरा में नारी को सदैव सम्माननीय स्थान प्राप्त रहा है। 'मनुस्मृति' में यहां तक कहा गया है कि, यत्र नार्यस्तु पूज्यंते, रमंते तत्र देवता। वैदिक साहित्य में भी महिलाओं को शीर्ष स्थान प्राप्त था और ये कहा गया कि परमात्मा उसी घर में खुशहाली प्रदान करते हैं जहां महिलाओं का ख्याल रखा जाता है। लेकिन समय बीतने के साथ-साथ विकृतियों और निर्योग्यताओं से समाज अनेक बुराइयों से घिर गया और महिलाओं की स्तिथि बद से बदतर होती गई। परंतु आज समय बदल रहा है, आज की नारी भविष्य के परिपथ पर अग्रसर हो चली है। उसने अपने आँचल को अपनी सफलता का परचम बना कर लहराना सीख लिया है। आज कोई भी ऐसा क्षेत्र नही है जहाँ महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज न कराई हो। भारतीय नारी के विषय में सच ही कहा गया है कि- सशक्त नारी- परिवार, समाज व देश की निर्मात्री होती है।

ऐसे में आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाली नारी के अस्तित्व को स्वीकार किए बिना सशक्त, समृद्ध राष्ट्र की कल्पना अधूरी सी प्रतीत होती है। जब बात होती है भारतीय महिलाओं के योगदान की तो हम देखते है कि भारत में महिलाएं राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन में अग्रणी भूमिका में रहीं। ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन से आजादी का उनका उत्साह पुरुषों से किसी भी तरह से कम नहीं था। झांसी की रानी लक्ष्मी बाई, सरोजिनी नायडू, एनी बेसेंट, अरूणा आसफ अली और विजय लक्ष्मी पंडित ऐसे कुछेक नाम हैं जिनकी भारतीय स्वतंत्रता संघर्ष में अग्रणी भूमिका थी। महिला सशक्तिकरण का विचार, विशेषकर भारत में, इन वीरांगनाओं की प्रेरणा से आया, जिन्होंने न केवल भारतीय समाज में महिलाओं की भूमिका को उजागर किया बल्कि महिलाओं के उत्थान और उनकी प्रगति और विकास के लिये उन्हें समान अवसर उपलब्ध करवाने के वास्ते सरकारी नीतियों के लिये इसे केंद्रीय विषय बनाया। इसकी प्रमुखता में, महिला सशक्तिकरण महिलाओं को उनकी सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक शक्तियों का अहसास कराता है। समाज में लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने के राष्ट्र के लक्ष्य को भी संदर्भित करता है। इन सब ने महिलाओं को चूल्हा-चैके से ऊपर उठाकर उसे अपने क्षितिज के विस्तार के लिये अवसर प्रदान किये। महिलाओं ने कभी पीछे मुडकर नहीं देखा। नये युग में, उन्होंने राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्राचीन काल से लेकर आज तक महिलाओं ने विभिन्न प्रकार की सामाजिक समस्याओं जैसे सती-प्रथा, बाल विवाह, अशिक्षा, दहेज, कन्याभ्रूण हत्या, लैंगिग असमानता आदि गंभीर समस्याओं का सामना किया है। जो निश्चित रूप से एक लंबी और कठिन यात्रा रही है। महिलाओं को इन सामाजिक बुराईयों से लड़ने और उनके उन्मूलन में भारतीय कानून निर्माताओ की अग्रणी भूमिका रही हैं।

किसी राष्ट्र की प्रगति अप्रत्याशित रूप से इस बात में निहित होती है कि समाज में उसकी महिलाओं को कितनी आजादी प्राप्त है। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने कहा था कि ''आप महिलाओं की स्थिति देखकर किसी भी राष्ट्र की स्थिति को बता सकते हैं''। भारतीय संविधान निर्माता बाबासाहेब डा. भीमराव अम्बेडकर ने महिलाओं के लिये पुरुषों के बराबर अधिकार दिये जाने की मांग की थी। हमारे वेंदो, पुराणों एवं धार्मिक ग्रंथों में भी भारतीय नारी को श्रेष्ठ दर्जा दिया गया है। आज हम आजादी के 77 वे वर्ष में प्रवेश कर चुके है, और आजादी का अमृत काल मना रहे हैं। आजादी के बाद से इन 76 वर्षों में राष्ट्र के विकास के साथ, भारतीय महिलाओं को राष्ट्र की प्रगति और विकास में समान भागीदार बनने के लिये अधिकारों और अवसरों की प्राप्ति हुई है। सावित्रीबाई फुले, कस्तूरबा गांधी, सरोजिनी नायडू, आनंदीबाई गोपालराव जोशी से लेकर इंदिरा नुई, सायना नेहवाल, टीना डाबी जैसी हस्तियों के रूप में महिलाओं ने सार्वजनिक और निजी जीवन के सभी क्षेत्रों में अपनी शूरवीरता का परिचय दिया है। नई शताब्दी में भारत में महिलाएं अपनी स्वयं की विशिष्ट पहचान के साथ मुक्त और स्वतंत्र व्यक्तित्व के तौर पर समाज में एक अलग भूमिका में नजर आ रही है। उनकी राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक भूमिकाओं में आये बदलाव और सरकारी नीतियों ने महिलाओं को सार्वजनिक क्षेत्र में व्यापक भागीदारी के अवसर प्रदान किये हैं। अब वह पहले की तरह घर की चारदीवारी में चूल्हा -चौका तक ही सीमित नहीं रही बल्कि अब वह स्वयं और सभी मानवजाति के लिये नये संसार में विश्वास की नई ऊंचाइयों के लिये उड़ान भर रही हैं। सरकार के निरन्तर आर्थिक सहयोग से आत्मनिर्भर भारत के संकल्प में उनकी भागीदारी दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। यह कहा जाता है कि महिलाएं आधे आकाश को धारण करती हैं। वे संपूर्ण समाज की संस्कृति और बदलाव का भंडार हैं। हमें महिलाओं के संघर्ष के इतिहास को नहीं भूलना चाहिए। जो अनगिनत महिलाओं से जुड़ा है जिन्होंने पुरुषों के साथ मिलकर हमारे समाज की बुराइयों को मिटाने के लिये अथक काम किया और अधिकार तथा आत्मसम्मान अर्जित किया, जो उन्हें मिलना चाहिये था, यह कभी भी आसान नहीं था।

यद्यपि यह महिलाओं के काम तथा समाज में महत्वपूर्ण योगदान को स्वीकार करने की शुरूआत मात्र है। यह केवल कुछ महिलाओं का सच है। अभी भी 70 प्रतिशत महिलाएं ऐसी है जिनका जीवन गरीबी और निरक्षरता के दलदल में फंसा है। जिन्हें आजादी के मायने तक नहीं पता। पिछले कुछ वर्षों की घटनाएं दर्शाती हैं कि लिंग-आधारित हिंसा ऐसे प्रमुख मुद्दों में से एक है जिसने हमारे देश की शासन व्यवस्था को तार - तार कर दिया है। बाल अपराध, तस्करी और घरेलू हिंसा से लेकर कार्यस्थल पर यौन-उत्पीडन तक महिलाओं को मानसिक और शारीरिक हिंसा दोनों का सामना करना पड़ रहा है। दिसंबर 2012 में एक युवती के साथ क्रूर गैंग-रेप और हत्या के बारे में उसके गंभीर चिकित्सा अध्ययनों के खुलासे ने मामले को केंद्र बिंदु में ला खड़ा किया और यह संपूर्ण राष्ट्र का प्रमुख मुद्दा बन गया।

हालांकि संविधान में महिलाओं के लिये सुरक्षा सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता स्पष्ट है, लेकिन लिंग-आधारित मामलों के तीव्र समाधान में बाधाएं हैं। अतः महिलाओं को स्वयं अपनी सुरक्षा हेतु सक्षम बनना पड़ेगा। इसके लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण सबसे उत्तम उपाय है। जूडो, मार्शल आर्ट, साथ ही बाहर आने जाने पर अपनी पर्स में मिर्ची पाउडर, चाकू, पेपर स्प्रे आदि अवश्य रखें ताकि समय पड़ने पर उनका इस्तेमाल कर वह अपनी सुरक्षा कर सकें। सच में कोई भी कह सकता है कि ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जिसमें भारतीय महिलाओं का योगदान नहीं रहा है। स्वाभाविक है कि विकास के मार्ग पर अकेले एक पहिए के साथ यात्रा नहीं की जा सकती है। पुरुषों और महिलाओं दोनों को एक दूसरे के काम की कीमत समझनी चाहिये और एक गाड़ी के दो पहियों की तरह आगे बढना चाहिये। इसके लिए महिलाओं को विकास के समान अवसर प्रदान करना आवश्यक है।



लेखक-
**सरला देवी चक्रवर्ती**
(असिस्टेंट प्रोफेसर)
गिन्दो देवी महिला महाविद्यालय
बदायूँ, उ.प्र.।

**अमर भास्कर**

(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

- वरिष्ठ संरक्षक : वेदभानु आर्य
- संरक्षक : हामिद अली खाँ
- संरक्षक : सुरेश प्रसाद शर्मा
- प्रधान संपादक : फरीद क़ादरी
- संपादक : अबरार अहमद
- कानूनी सला. : मुहम्मद फुरकान, एड.
- व्यवस्थापक : ठा. वेदपाल सिंह
- मैनेजर : केपी यादव

हमारे यूट्यूब चैनल *Amar Bhaskar News* को सब्सक्राइब करें वैल आइकॉन दबाना न भूलें।
**-सर्वेश उपाध्याय, मैनेजिंग एडिटर***

अगर आपके पास भी है कोई कविता, रचना, लेख, गजल एवं छंद तो हमें लिख भेजिए, हमारा पता है:-
**अमर भास्कर कार्यालय**
**निकट होटल रिजेन्सी, लावेला चौक बदायूं (उ.प्र.)।**
**पिन कोड-243601**
*Email- amarbhashkar21@gmail.com*
*Whatsapp. No. 9411214614*

## खेल-खिलाड़ी

# खराब फॉर्म के बाद आईपीएल से हटे ग्लेन मैक्सवेल

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने आईपीएल 2024 सीजन से हटने का फैसला लिया है। उन्होंने अनिश्चितकालीन ब्रेक लेने का फैसला किया है। मैक्सवेल ने सोमवार रात सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आरसीबी की करारी हार के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मीडिया से बात करते हुए इस खबर का खुलासा किया। मैक्सवेल को इस सीजन खराब फॉर्म की वजह से काफी आलोचना का सामना करना पड़ा है। सनराइजर्स के खिलाफ तो वह प्लेइंग-11 तक का हिस्सा नहीं थे। विल जैक्स ने उनकी जगह प्लेइंग-11 में जगह बनाई थी। मैच के बाद मैक्सवेल ने समझाया कि उन्होंने कप्तान फाफ डुप्लेसिस को खुद किसी और को आजमाने के लिए कहा था।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में मैक्सवेल ने कहा कि वह इस समय अच्छे मानसिक और शारीरिक स्थिति में नहीं हैं। इसलिए उन्होंने ब्रेक लेने का फैसला किया। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ने हालांकि, यह नहीं बताया कि वह कब तक इस लीग में नहीं खेलेंगे या फिर वह अगले सीजन में भी वापसी करेंगे या नहीं। मैक्सवेल ने आरसीबी की सात मैचों में छठी हार के बाद कहा- निजी तौर पर मेरे लिए यह काफी आसान फैसला था। मैं पिछले मैच के बाद फाफ और कोच के पास गया और कहा कि मुझे लगता है कि यह शायद समय है कि हम किसी और को आजमाएं।

मैक्सवेल ने कहा- मैं पहले भी इस स्थिति में रहा हूं। आप चाहें तो खेलना जारी रख सकते हैं और खुद





को और अंधकार में धकेल सकते हैं। हालांकि, मुझे लगता है कि अब सच में मेरे लिए खुद को मानसिक और शारीरिक ब्रेक देने, अपने शरीर को सही करने का एक अच्छा समय देने का मौका है। अगर मुझे टूर्नामेंट के दौरान खेलने की जरूरत होती है, तो मैं उम्मीद करता हूं कि मैं एक ठोस मानसिक और शारीरिक स्थिति के साथ वापसी करूंगा और प्रभाव डालने की कोशिश करूंगा। मैक्सवेल ने कहा- पावरप्ले के बाद हमारी बल्लेबाजी में थोड़ी कमी है, जो पिछले कुछ सत्रों में मेरी ताकत रही है। हालांकि, अब मुझे लगा कि मैं बल्ले के साथ सकारात्मक तरीके से टीम को योगदान नहीं दे पा रहा था। यही वजह है कि परिणाम और टीम की स्थिति अच्छी नहीं है और हम सबसे नीचे हैं। मुझे लगता है कि यह किसी और को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका देने का एक अच्छा समय है और उम्मीद है कोई उस स्थान को अपना बना सकता है।

यह पहली बार नहीं है जब मैक्सवेल ने मानसिक थकान के कारण खेल से ब्रेक लिया है। हालांकि, अब जब उनके लिए चीजें सही नहीं चल रही हैं तो उन्होंने ब्रेक लेने का फैसला लिया है और फ्रेंचाइजी को अन्य विकल्पों का उपयोग करने की सलाह दी है। मैक्सवेल इस ब्रेक का इस्तेमाल कर और मजबूती और ताकत के साथ वापसी करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, टी20 क्रिकेट में कभी-कभी ऐसा हो सकता है। यह काफी विचित्र खेल है। अगर आप पहले मैच को भी देखो तो मैंने अच्छा खेलने की कोशिश की। मैंने लेंथ को अच्छे से पिक किया। मुझे लगा कि मैं स्कोर कर सकता हूं, लेकिन अपने बल्ले का चेहरा ज्यादा खोल दिया। जब आप अच्छा कर रहे होते हैं, तो उन अवसरों पर चैके लगते हैं।

मैक्सवेल ने कहा- मैं शायद अभी क्रिकेट से दूर नहीं हुआ हूं। मेरे लिए चीजें अभी भी उतनी ही सरल हैं। पहले कुछ मैचों में मुझे लगता है कि मैंने काफी अच्छे फैसले लिए, लेकिन मैं अभी इस स्थिति से बाहर निकलने के तरीके ढूंढ रहा हूं। यह टी20 क्रिकेट में हो सकता है और जब इस तरह की स्थिति होती है तो आप काफी कोशिश करते हो और खेल की बेसिक्स भूल जाते हो। इससे पहले भारत के महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने भी मैक्सवेल के आईपीएल में खराब प्रदर्शन के लिए आलोचना करते हुए कहा था कि वह तेज गेंदबाजों को नहीं खेल पा रहे हैं।

# पर्वतीय क्षेत्रों में गैस पहुंचाने वाले थे सांसद-मंत्री ब्रह्मदत्त



**उत्तराखंड।** विकास नगर से ताल्लुक रखने वाले वरिष्ठ कांग्रेस नेता ब्रह्मदत्त ने 1984 का चुनाव जीतने के बाद पहाड़ों में गैस आपूर्ति और वितरण प्रणाली में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने 1986 में ब्रह्मदत्त को पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री बनाया।

इस भूमिका में उन्होंने क्षेत्र में गैस सिलिंडर की उपलब्धता और वितरण में सुधार पर काम किया। उस दौर में पहाड़ों में लोग खाना पकाने के लिए पारंपरिक तरीकों लकड़ियों की मदद से चूल्हा जलाना और खुली आग पर खाना पकाना। सुरक्षित और अधिक कुशल खाना पकाने के समाधान की जरूरत को समझते हुए ब्रह्मदत्त ने स्थानीय आबादी को गैस सिलिंडर उपलब्ध कराना अपना मिशन बना लिया।

दो सिलिंडर वाला एलपीजी कनेक्शन (डीबीसी) पहाड़ में ब्रह्मदत्त की ही देन मानी जाती है।

इस पहल ने क्षेत्र के लोगों के जीवन पर परिवर्तनकारी प्रभाव डाला, जिससे उन्हें अधिक कुशलतापूर्वक और सुरक्षित रूप से खाना पकाने में मदद मिली। अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए उनके समर्पण के परिणामस्वरूप ब्रह्मदत्त को 1989 के चुनावों में कांग्रेस पार्टी के सांसद के रूप में फिर से चुना गया। 1971 में टिहरी गढ़वाल में राजनीतिक परिदृश्य स्वतंत्र उम्मीदवार महाराजा मानवेंद्र शाह की कांग्रेस उम्मीदवार परिपूर्णानंद पैन्यूली से अप्रत्याशित हार से हिल गया था। ब्रह्मदत्त के लिए चुनाव परिणाम को स्वीकार करना विशेष रूप से कठिन था, जो उनके करीबी लोगों में एक भरोसेमंद व्यक्ति थे। हार को स्वीकार करने में असमर्थ ब्रह्मदत्त ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में याचिका दायर करने का कठोर कदम उठाया।

आरोप लगाया गया कि पैन्यूली ने अनुचित तरीकों से चुनाव जीता है। कोर्ट में मामला लंबा चला। 1991 का चुनाव उनके रिश्ते में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ, क्योंकि महाराजा मानवेंद्र शाह बीजेपी और कांग्रेस की ओर से ब्रह्मदत्त उम्मीदवार थे। महाराजा शाह ने यह सीट जीत ली। महाराजा शाह ने संसद की लंबी पारी खेली, जबकि ब्रह्मदत्त ने 1991 की हार से राजनीतिक संन्यास ले लिया था। 1984 में ब्रह्मदत्त टिहरी लोकसभा क्षेत्र से सांसद चुने गए। 1989 चुनाव में कांग्रेस के ब्रह्मदत्त पुनः विजयी रहे।

# आजादी के बाद चुनावी पिच पर कांग्रेस तीसरी बार हिट विकेट




**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** लोकसभा के अब तक हुए चुनाव में मुरादाबाद से 17 सांसद देश की सबसे बड़ी पंचायत में पहुंच चुके हैं। इस चुनाव में ऐसा तीसरी बार है जब कांग्रेस का उम्मीदवार चुनाव मैदान में नहीं है। हालांकि पिछले जिन दो चुनावों में कांग्रेस ने अपना प्रत्याशी नहीं उतारा उनमें किसी न किसी दल के प्रत्याशी को उसका समर्थन जरूर रहा, लेकिन इसके बाद भी समर्थित प्रत्याशियों को इसका लाभ मिलता नहीं दिखाई दिया।

मुरादाबाद लोकसभा सीट पर जिन 15 चुनावों में कांग्रेस के प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतरे हैं उसमें उनका वोट का प्रतिशत 60 से लेकर 1.7 फीसदी तक रहा है। 2024 के लोक सभा चुनाव में भी सीधे तौर पर कांग्रेस का उम्मीदवार मैदान में नहीं है। सपा-कांग्रेस गठबंधन का प्रत्याशी मैदान में है।

वर्ष 1952 में मुरादाबाद की दो लोकसभा सीटों मुरादाबाद (सेंट्रल) व मुरादाबाद पर हुए चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी क्रमशः 60 फीसदी तथा 47.6 फीसदी मत प्राप्त कर विजयी घोषित हुए थे। इसके अलावा 13 अन्य चुनावों में भी कांग्रेस उम्मीदवारों ने अपनी किस्मत आजमाई, लेकिन अधिकांश बार हुए चुनाव में कांग्रेस के वोट बैंक में गिरावट दर्ज की गई।

वर्ष 1957 में 36 फीसदी, 1962 में 22.3 फीसदी, 1967 में 18.4 फीसदी, 1977 में 18.7, 1980 में 29.9 फीसदी, 1984 में 28.8 फीसदी, 1984 में 32.5 फीसदी फीसदी मत हासिल हुए थे। ऐसे ही 1991 में 9.3 फीसदी, 1996 में 3.0 फीसदी, 1998 में 4.8 फीसदी, 1999 में 9.8 फीसदी, 2009 में 36.6 फीसदी, 2014 में 1.7 फीसदी, 2019 में 4.6 फीसदी वोट मिल पाए थे।

वर्ष 1952 से लेकर वर्ष 2019 तक कुल 17 बार चुनाव हुए। 1952 में हुए पहले लोकसभा चुनाव में मुरादाबाद में दो लोकसभा सीटें थीं। इसमें मुरादाबाद और मुरादाबाद दोनों लोकसभा सीटों पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस उम्मीदवार चुनाव जीत कर देश की सबसे बड़ी पंचायत पहुंचे थे। वर्ष 1952 से लेकर 2019 तक मुरादाबाद में हुए 17 लोकसभा चुनाव के माध्यम से 18 सांसद चुने जा चुके हैं। इनमें सर्वाधिक पांच सांसद कांग्रेस के रहे हैं। चार सांसद देने वाली सपा राजनीतिक दलों में जिले में दूसरे नंबर पर आती है। सांसदों के मामले में भारतीय जनसंघ व जनता दल का नाम यहां तीसरे नंबर पर आता है। दोनों राजनीतिक पार्टियों के टिकट पर दो-दो सांसद चुने जा चुके हैं। भारतीय जनता पार्टी, भारतीय लोक दल, रिपब्लिकन पार्टी और लोकतांत्रिक कांग्रेस के भी यहां एक-एक सांसद चुने जा चुके हैं।

वर्ष 2024 से पूर्व हुए चुनावों में वर्ष 2071 और वर्ष 2004 में हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार नहीं उतारा था। वर्ष 2071 में पार्टी ने मुस्लिम मजलिस उत्तर प्रदेश पार्टी के प्रत्याशी जुल्फिकारउल्ला को समर्थन देकर लड़ाया था। लेकिन वह जमानत तक नहीं बचा सके थे। यही स्थिति वर्ष 2004 के चुनाव में रही।

# वैभव को तीसरे प्रयास में मिली सफलता, 58वीं रैंक



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिले के आशियाना निवासी वैभव आनंद शर्मा ने यूपीएससी परीक्षा पास की है। उन्होंने 58वीं रैंक हासिल हुई है। वैभव ने बताया।

कि यह सफलता तीसरे प्रयास में मिली है। परीक्षा पास करने के बाद परिवार में खुशियों का माहौल है। पूरा परिवार सिद्धबली हनुमान धाम के दर्शन करने के लिए कोटद्वार के लिए रवाना हो गया है।

वैभव ने सफलता का श्रेय अपने परिजनों को दिया। कहा कि उनके होते हुए मुझे कभी बाहर के बारे में सोचने की जरूरत महसूस नहीं हुई। उन्होंने यह सफलता स्वाध्याय के बल पर प्राप्त की है। उनके पिता डॉ. एके शर्मा सेवानिवृत्त जिला होम्योपैथी अधिकारी हैं और माता गृहिणी हैं। यूपीएससी में सफलता पाने वाले 1016 उम्मीदवारों में 347 सामान्य वर्ग, 115 ईडब्ल्यूएस, 303 अन्य पिछड़ा वर्ग, 165 अनुसूचित जाति और 86 अनुसूचित जनजाति वर्ग से हैं। इस बार आईएएस सेवा के लिए 180 उम्मीदवारों का चयन हुआ है। आईएफएस सेवा के लिए 37 और आईपीएस के लिए 200 उम्मीदवार चयनित हुए हैं।

## सार-संक्षेप

### अदिति तोमर ने सिविल सेवा परिक्षा में हासिल की 247वीं रैंक



**हरिद्वार।** संघ लोक सेवा आयोग ने सिविल सेवा परीक्षा का फाइनल रिजल्ट जारी कर दिया है। हरिद्वार की अदिति तोमर ने 247वी रैंक हासिल की है। अदिति के भाई हैं असिस्टेंट कमिश्नर हैं। वहीं पूर्व डीजीपी अशोक कुमार की बेटी कुहू गर्ग ने भी आईपीएस की परीक्षा पास कर ली है। बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप खेल चुकी कुहू ने 178 रैंक हासिल की है। संघ लोक सेवा आयोग ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2023 के लिए अंतिम परिणाम आज, यानी 16 अप्रैल, 2024 को घोषित कर दिया है। लिस्ट में कुल 1016 उम्मीदवारों ने जगह बनाई है। यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2023 में शामिल हुए उम्मीदवार आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर रिजल्ट पीडीएफ डाउनलोड कर सकते हैं। इस साल यूपीएससी फाइनल रिजल्ट में आदित्य श्रीवास्तव ने टॉप किया है। यूपीएससी ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर एक सार्वजनिक सूचना के माध्यम से परिणामों की घोषणा की। नोटिस में लिखा है, ष्संघ लोक सेवा आयोग द्वारा सितंबर, 2023 में आयोजित सिविल सेवा परीक्षा, 2023 के लिखित भाग और जनवरी-अप्रैल 2024 में आयोजित व्यक्तित्व परीक्षण के लिए साक्षात्कार के परिणाम के आधार पर, नियुक्ति के लिए अनुशंसित अभ्यर्थियों की योग्यता सूची जारी की गई है

### समाजवादी पार्टी प्रत्याशी अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ पहुंचे जिला कलेक्ट्रेट



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**कासगंज।** कलेक्ट्रेट पहुंचकर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी ने किया नामांकन पत्र दाखिल, नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद, सपा प्रत्याशी देवेश शाक्य ने साधा बीजेपी पर निशाना, कहा- कासगंज जनपद के जो नेता सपा छोडकर भाजपा में शामिल हुए। वह भी सपा को बोट देंगे,कहा- भाजपा पार्टी कटनी और करनी में है अंतर, कासगंज में अच्छे मतों से जीत रही है समाजवादी पार्टी, लोकसभा में स्थानीय मुद्दों के साथ जाएंगे जनता के बीच, बीजेपी की इस बार 200 सीट आना मुश्किल हो सकता है।

# मुख्यमंत्री धामी का जोशीमठ में रोड शो



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जोशीमठ में रोड शो कर भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी के लिए समर्थन मांगा ।जोशीमठ इंटर कॉलेज चैराहा से चमोली टैक्सी स्टैंड तक रोड शो निकाला गया। इस दौरान सीएम धामी ने जनता के बीच सरकार की उपलब्धियों को रखा।

रवि ग्राम खेल मैदान में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनता से गढ़वाल संसदीय सीट के भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी के लिए समर्थन मांगा।

# रैफर स्लिप को लेकर मरीज के परिजनों ने काटा हंगामा




**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** मुरादाबाद रोड संभल तथा आरटीओ ऑफिस के ठीक सामने स्थित अलीगढ़ ट्रामा सेंटर हड्डी का अस्पताल पर रैफर स्लिप को लेकर मरीज के परिजनों ने हंगामा काटा हंगामा की सूचना पर थाना सदर कोतवाली संभल पुलिस तुरंत अस्पताल पर पहुंच गई। और हंगामा काट रहे मरीज के परिजनों को समझाया बुझाए तब कहीं जाकर मरीज के परिजन शांत हुए।

थाना नखासा क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर देव निवासी हिसाम उम्र लगभग 21 वर्ष का थाना असमोली क्षेत्र के अंतर्गत उमरी चौराहा पर एक्सीडेंट हो गया था। जिसमें उसकी टांग में फैक्चर हो गया था जिसको डॉक्टर बदरुल के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उसका इलाज चल रहा था हिसाम को 14 जनवरी को अस्पताल में एडमिट किया गया था काफी समय बीत जाने के बाद बाएं पैर में फैक्चर होने के कारण डॉक्टर द्वारा बाया पैर काटा गया था। जिसमें पस पढ़ने लगा और रुकने का नाम नहीं ले रहा था।

तो परिजनों ने डॉक्टर से रेफर करने को कहा लेकिन डॉक्टर रैफर स्लिप नहीं दे रहा था। परिजनों ने हिसाम को कई जगह दिखाया। लेकिन किसी अस्पताल के डॉक्टर ने बिना रैफर स्लिप के भरती नहीं किया फिर लौटकर अलीगढ़ ड्रामा सेंटर आए तो परिजन रैपर स्लिप मांगने लगे लेकिन डॉक्टर द्वारा रैपर स्लिप नहीं दी गई। और परिजनों ने हंगामा काटना शुरु कर दिया।

परिजनों का आरोप है। कि हमारे द्वारा कई बार रैपर स्लिप मांगी गई। लेकिन डॉक्टर मना करता रहा हमें लगभग 2 महीने यहां इलाज कराते बीत चुके हैं। और हमारे मरीज को कोई फायदा नहीं पहुंच रहा है तथा हमने जो पैसे मांगे उसे डॉक्टर के पास मांगे गए। पैसे जमा किए। कर दिए हैं। फिर भी डॉक्टर स्लीप नहीं दे रहा है।

# यातायात पुलिस की कठिनाई भरी ड्यूटी देख एसपी ने बांटीं गर्मी बचाव सामग्री



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** यातायात निदेशालय लखनऊ उत्तर प्रदेश के आदेश के परिपेक्ष्य में कुलदीप सिंह गुनावत पुलिस अधीक्षक द्वारा यातायात पुलिस कर्मी चौराहो पर ड्यूटी के दौरान भीषण गर्मी में यातायात व्यवस्था एवं यातायात संचालन में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते है। अतः गर्मी से बचाव हेतू यातायात पुलिस कर्मियों को मिल्टन पानी की बोतल वितरित की गई। धूप से आंखों के वचाव हेतू अल्ट्रा वॉयलेट लेंस युक्त चश्में वितरित किये गये तथा प्रदूषण से वचने के लिए मास्क वितरित किये गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा दो नवीन यातायात पुलिस बूथ का निर्माण कराया गया। यातायात बूथ इस्लामनगर चौराहा बहजोई व धन्नूमल तिराहा चन्दौसी में स्थापित किया जाएगा। श्रीमान पुलिस अधीक्षक द्वारा यातायात प्रभारी को निर्देशित किया गया। कि जनपद के समस्त यातायात पुलिस बूथ पर शुद्ध एवम शीतल जल की व्यवस्था कराई जाए। इस मौके पर अनुकृति शर्मा अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी जनपद सम्भल द्वारा भी कर्मचारियों के उत्साह वर्धन हेतू मिल्टन पानी की बोतल, मास्क ओर चश्मे वितरित किए गए।

# प्रत्याशी ने कराया दलबल के साथ नामांकन

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** संभल लोकसभा में जहां पार्टियों ने अपने प्रत्याशियों को चुनाव जीतने के लिए पूरी ताकत के साथ झोंक दिया है वही सबसे बड़ा रोचक मुकाबला अब हो गया है।

क्योंकि किसान गरीब शोषित वंचितों की आवाज उठाने के लिए मजदूरों की आवाज उठाने के लिए किसान क्रांति दल के प्रत्याशी संतोष यादव ने मंगलवार को अपने भारी दलबल के साथ अपना नामांकन दाखिल किया तथा क्षेत्र में किसान मजदूर गरीबों शोषित वंचितों का समर्थन किसान नेता को जमकर मिल रहा है।

# जरूरतमंद महिलाओं को ब्लड देकर निभाया इंसानियत का फर्ज



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** थाना हजरत नगर गढ़ी क्षेत्र ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर मालनी निवासी एक व्यक्ति की पत्नी की सुबह काफी तबीयत खराब हो गई उनकी पत्नी को दिक्कत क्या थी। बच्चे होने के लेकर समस्या थी। अपनी पत्नी को सिरसी एक निजी अस्पताल में लेकर गया। और जब पति ने अपनी पत्नी की जांच कराई। तो जाचो में पीलिया और प्लेटलेट्स काफी कम होने की शिकायत आई। तभी डॉक्टर ने कहा कि इन्हें ए पॉजिटिव फिरेश ब्लड की जरूरत है। और जल्द ही चाहिए। फ्रेश ब्लड तभी पती ने मोहम्मद शफी आलम से संपर्क किया। और मोहम्मद शफी आलम ने कहा ए पॉजिटिव ब्लड तो मेरा ही है। मैं खुद दे दूंगा और फिर संभल सचिन सक्सेना ब्लड बैंक पहुंचकर शफी आलम ने अपना ब्लड डोनेट किया।

# एसपी ने लोकसभा निर्वाचन ड्यूटी में लगे पुलिस बल को ब्रीफ कर किया रवाना



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत जनपद से प्रथम चरण की चुनाव ड्यूटी हेतु। पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कुलदीप सिंह गुनावत द्वारा पुलिस लाइन बहजोई में बाह्य जनपद रवाना होने वाले जनपदीय पुलिस बल की ब्रीफ किया गया। ड्यूटी में लगे पुलिस बल को दायित्वबोध कराते हुए सकुशल चुनाव संपन्न कराने व निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने, कराये जाने के निर्देश दिए गए। एवं पुलिस बल को फस्ट ऐड किट व लंच पैकेट प्रदान करते हुए। वाहनों को हरी झंडी दिखाकर शुभकामनाओं के साथ रवाना किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा, समस्त क्षेत्राधिकारीगण आदि अधि.कर्म. गण उपस्थित रहें।

# थानों पर दुराचारियों को अपराध न करने की शपथ दिलाई



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कुलदीप सिंह गुनावत के निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष व भयमुक्त, सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जनपद के समस्त थानों पर थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों के दुराचारियों को थाने पर बुलाकर भविष्य में किसी अपराध में संलिप्त नहीं रहने तथा चुनाव के दौरान किसी प्रकार का कोई व्यवधान उत्पन्न न करने और न ही किसी अन्य को व्यवधान, अपराध करने हेतु उत्तप्रेरित करने तथा चुनाव के दौरान पुलिस व प्रशासन का पूर्ण सहयोग करने की शपथ ली गई।

# एक बार फिर शुरू होगा आंधी और बारिश का दौर



**नई दिल्ली।** इन दिनों देश के कई हिस्सों में मौसम में नरमी देखी जा रही है। आसमान में छाए बादल और हवाओं ने लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत दी है। इस बीच मौसम विभाग ने पूर्वोत्तर भारत में 21 अप्रैल तक आंधी और गरज के साथ हल्की बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है। मौसम विभाग की मानें, तो अगले कुछ दिनों तक मौसम ऐसा ही बने रहने की उम्मीद है।

जबकि देश के बाकी हिस्सों में आज से तेज गर्मी का असर देखने को मिलेगा। 17 अप्रैल को पूर्वोत्तर के तीन राज्यों में तेज बारिश होगी। जबकि मध्यप्रदेश, राजस्थान, गुजरात, छत्तीसगढ़ में तापमान 38 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना रहेगा। मौसम विभाग के मुताबिक, असम, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश में तेज बारिश होगी। वहीं, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल में धूल भरी आंधी चलेगी। जबकि गुजरात, तमिलनाडु, केरल और गोवा में तेज गर्मी पड़ेगी। आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल और ओडिशा में लू चलेंगी।

18 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में ओले गिरेंगे। मौसम विभाग ने बताया कि जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में ओले गिर सकते हैं। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, केरल में धूल भरी आंधी चलेगी। केरल में तेज बारिश होगी। बिहार, तमिलनाडु, और पुडुचेरी में तेज गर्मी के आसार हैं। 9 अप्रैल को पश्चिम बंगाल और ओडिशा में लू का हाई अलर्ट जारी किया गया है। जबकि छह राज्यों में धूल भरी आंधी का अलर्ट है।

मौसम विभाग ने उत्तराखंड में ओले का अलर्ट जारी किया है। यहां 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। मध्यप्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पंजाब में धूल भरी आंधी चलने की चेतावनी जारी की है। इन राज्यों में भी 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। पश्चिम बंगाल और ओडिशा में लू चलेगी। बिहार में तेज गर्मी पड़ेगी। जबकि 20 अप्रैल को मध्यप्रदेश और राजस्थान समेत सात राज्यों में ओलावृष्टि का अलर्ट है।

अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में भी ओले गिरेंगे। मध्यप्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम, तमिलनाडु, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पंजाब में धूल भरी आंधी की चेतावनी है। अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय में तेज बारिश का अनुमान है, जबकि पश्चिम बंगाल और ओडिशा में लू का अलर्ट जारी किया गया है। पश्चिमी विक्षोभ के असर से अभी राजधानी में गर्मी से राहत का दौर बना रहेगा।

## ट्रंप के समर्थन में ब्रिटेन की पूर्व प्रधानमंत्री

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति पर इन दिनों आपराधिक मुकदमा चल रहा है। ऐसे में ब्रिटेन की पूर्व प्रधानमंत्री लिज ट्रस ने उनका समर्थन करते हुए कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति जब डोनाल्ड ट्रंप थे, तब दुनिया ज्यादा सुरक्षित थी।

डोनाल्ड ट्रंप के समर्थन में अब ब्रिटेन की पूर्व प्रधानमंत्री ने बयान देते हुए कहा है कि डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में दुनिया अधिक सुरक्षित थी। उन्होंने कहा कि मैं ये नहीं कह रही कि उनकी हर बात से मैं सहमत हूं, लेकिन उनका रवैया चीन और ईरान के प्रति आक्रामक था।

उनके समर्थन में देश और दुनिया ज्यादा सुरक्षित थी। ब्रिटेन की पूर्व प्रधानमंत्री ने डोनाल्ड ट्रंप का चुनाव के लिए समर्थन किया। उन्होंने यूक्रेन के समर्थन करने के डोनाल्ड ट्रंप के फैसले की सराहना भी की। वे बोलीं कि ट्रंप को व्हाइट हाउस में होना चाहिए।

# टिटाबोर में प्रियंका गांधी ने किया रोड शो




**नई दिल्ली।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा मंगलवार को जोरहाट लोकसभा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी गौरव गोगोई के समर्थन में चुनाव का प्रचार करने के लिए असम पहुंचीं। वाड्रा ने जिले के टिटाबोर में एक घंटे के एक रोड शो कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन के जीतने पर चाय बागान श्रमिकों की दिहाड़ी बढ़ाई जाएगी। रोड शो के दौरान कांग्रेस नेता ने दावा किया कि सत्तारूढ़ पार्टी संविधान को बदलना चाहती है और अगर ऐसा होता है तो देश के आम लोगों को सबसे ज्यादा नुकसान होगा।

उन्होंने कहा, दो-तीन साल पहले विधानसभा चुनाव से पहले मैं असम आई थी, तब चाय बागानों का दौरा किया था। उस समय यह वादा किया था कि अगर कांग्रेस सरकार बनती है तो हम मजदूरी बढ़ाएंगे। हालांकि, आपने भाजपा को चुना और मजदूरी नहीं बढ़ाई गई। वाड्रा ने आगे कहा, मैं आपको फिर बता रही हूं कि हमारे घोषणापत्र में केंद्र में सरकार बनाने पर चाय बागान श्रमिकों की मजदूरी बढ़ाने की गारंटी दी गई है।

इसके अलावा उन्होंने यह भी दावा किया कि सत्तारूढ़ पार्टी अगर तीसरी बार सत्ता में आती है तो वह भारतीय संविधान को बदल देगी और अधिकारों में कटौती के बाद आम आदमी को सबसे ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ेगी। गोगोई का समर्थन करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि जब भाजपा नेता प्रचार करने आते हैं तो वे फालतू मुद्दों के बारे में बात करते हैं। हालांकि गौरव गोगोई ने हमेशा लोगों के मुद्दों को उठाया है। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि बेरोजगारी चरम पर है, साक्षात्कार में केवल दो बार ही इस पर बोला।

# बेनजीर की बेटी ने ली नेशनल असेंबली के सदस्य के तौर पर शपथ, पिता ने दी बधाई



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और पूर्व दिवंगत प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो की बेटी आसिफ भुट्टो जरदारी ने सोमवार को नेशनल असेंबली के सदस्य के तौर पर शपथ ली। राजनीति के मैदान में नई पारी शुरू करने वाली आसिफा जरदारी को 29 मार्च को एनए 207 शहीद बेनजीराबाद से निर्विरोध चुना गया था।

उनके पिता आसिफ अली जरदारी के राष्ट्रपति बनने के बाद से ही यह सीट खाली थी। आसिफा अपने भाई और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो के साथ दिन में नेशनल असेंबली पहुंची। नेशनल असेंबली के स्पीकर अयाज सादिक ने उन्हें शपथ दिलाई। इस दौरान पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ से जुड़े एमएनए वहां नारेबाजी कर रहे थे और बाद में ट्रेजरी सांसदों ने वॉकआउट कर लिया।

पीटीआई का प्रदर्शन सकरंद पुलिस द्वारा उनके एनए 207 उम्मीदवार गुलाम मुस्तफा रिंड की गिरफ्तारी को लेकर था। पार्टी ने बताया कि रिंड उनके प्रतिनिधि थे, जो उपचुनाव में आसिफा के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले थे।

राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर तस्वीरें शेयर करते हुए आसिफा को नई पारी की शुभकामनाएं दी। उन्होंने पोस्ट में लिखा कि राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी आसिफा भुट्टो जरदारी को नेशनल असेंबली के सदस्य के तौर शपथ लेने की बधाई देते हैं। पाकिस्तान की नेशनल असेंबली ने भी आसिफा अली जरदारी की शपथ ग्रहन की तस्वीरें शेयर की। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, नेशनल असेंबली के नए सदस्य के तौर पर आसिफ भुट्टो जरदारी ने शपथ ली।

## नारे लगाने का लगाया आरोप

**कर्नाटक।** प्रदेश के राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार सैयद नसीर हुसैन की जीत के बाद पाकिस्तान समर्थक नारे लगने का मामला बढ़ता जा रहा है।

भाजपा इस मामले में कांग्रेस पर हमलवार को गई है। उसने दावा किया है कि निजी संगठन की फॉरेंसिक रिपोर्ट में यह पुष्टि हुई है कि विधान सौधा में पाकिस्तान समर्थित नारे लगाए गए हैं। गौरतलब है, कर्नाटक की चार सीटों पर हुए 26 फरवरी को राज्यसभा चुनाव के नतीजों में तीन सीटों पर कांग्रेस ने जीत हासिल की थी, जबकि एक सीट भाजपा के खाते में गई थी। बाद में जीत के जश्न को लेकर बवाल मच गया। दरअसल, भाजपा ने एक वीडियो साझा किया था।

# धूम्रपान विरोधी कानून पर करना पड़ रहा विरोध का सामना



**ब्रिटेन।** प्रधानमंत्री को 15 वर्ष और उससे कम उम्र के किसी भी व्यक्ति के लिए धूम्रपान पर प्रभावी प्रतिबंध लगाने की अपनी योजना के खिलाफमुखर विरोध का सामना करना पड़ रहा है। इससे जुड़ा एक नया विधेयक मंगलवार को हाउस ऑफ कॉमन्स में मतदान लाया गया है।

भारतीय मूल के ब्रिटिश पीएम ने पिछले साल तंबाकू और वेप्स विधेयक का प्रस्ताव रखा था। उन्होंने 1 जनवरी, 2009 के बाद पैदा हुए किसी भी व्यक्ति को तंबाकू उत्पाद बेचने को अपराध बनाकर ष्धूम्रपान मुक्त पीढ़ीष् बनाने के अपने दृष्टिकोण की घोषणा की थी।

एक बार इस विधेयक को संसद से मंजूरी मिल गई तो यह नाया कानून दुनिया के कुछ सबसे सख्त धूम्रपान विरोधी कानूनों में से एक होगा। सुनक ने पिछले साल अक्तूबर में कंजर्वेटिव पार्टी के सम्मेलन में घोषणा की थी, ष्मैं प्रस्ताव करता हूं कि भविष्य में हम हर साल धूम्रपान की न्यूनतम उम्र एक वर्ष बढ़ाएं।

इसका मतलब है कि आज एक 14 वर्षीय को कानूनी रूप से सिगरेट नहीं बेची जाएगी इससे आने वाली पीढ़ी धूम्रपान मुक्त हो सकती है। चूंकि संसद में बिल पर विपक्ष का समर्थन है और सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव सांसदों के पास बिल पर स्वतंत्र रूप से वोट करने का अधिकार है, बिल के खिलाफ किसी भी टोरी वोट को प्रधान मंत्री के खिलाफ विद्रोह के रूप में नहीं देखा जाएगा।

हालांकि सुनक के दो पूर्ववर्तियों में से दो, लिज ट्रस और बोरिस जॉनसन, टोरीज के बीच बिल का विरोध करने वालों में मुख रहे हैं। वे बिल के विरोध में मतदान करने की योजना बना रहे हैं। ब्रिटेन के स्वास्थ्य सचिव विक्टोरिया एटकिन्स ने कहा, ष्सच्चाई यह है कि तंबाकू की खपत का कोई सुरक्षित स्तर नहीं है। यह विशिष्ट रूप से हानिकारक है, और यही कारण है कि हम अगली पीढ़ी की रक्षा के लिए आज यह महत्वपूर्ण कार्रवाई कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, ष्यह विधेयक हजारों लोगों की जान बचाएगा, हमारे एनएचएस राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा, पर तनाव कम करेगा, और यूके की उत्पादकता में सुधार करेगा। नए कानून के तहत, धूम्रपान को अपराध नहीं माना जाएगा, और जो कोई भी कानूनी रूप से तंबाकू खरीद सकता है, उसे ऐसा करने से रोका नहीं जाएगा।

# अमेरिका ने ड्रैगन पर लगाया बड़ा आरोप



**मास्को।** रूस और यूक्रेन के बीच दो साल से अधिक समय से युद्ध जारी है। इस जंग के थमने का आसार दूर-दूर तक नहीं दिख रहा है। इस बीच अमेरिका ने चीन पर आरोप लगाया है कि वह अपने शब्दों के उलट जाकर रूस की मदद कर रहा है। चीन हमेशा ही दावा करता है कि यूक्रेन-रूस युद्ध पर वह हमेशा निष्पक्ष रहा है। हालांकि, इन सबके बावजूद बीजिंग यूक्रेनी लोगों के खिलाफ मॉस्को की मदद कर रहा है। चीन जितनी तेजी से रूस की मदद कर रहा है, उतने ही तत्परता से बयानबाजी भी कर रहा।

चीनी विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने पिछले साल दावा किया था कि सेना से जुड़ी चीजों के निर्यात के लिए, चीन ने हमेशा एक विवेकपूर्ण और जिम्मेदार रवैया अपनाया है। हालांकि, इस तरह के बयान सबूतों के सामने हास्यास्पद हैं, जो कुछ और ही बयां करते हैं। मध्य पूर्व में संकट बढ़ता दिख रहा है। ईरान ने इस्राइल पर हमला कर दिया, जिससे दो कट्टर दुश्मन देशों के बीच तनाव अपने चरम पर पहुंच गया है। पश्चिम एशिया में बढ़ते संकट के संकेतों के बीच कुछ सलाह दे रहे हैं कि चीन को वहां भी मध्यस्थता करने में मदद करनी चाहिए।

वाशिंगटन डीसी स्थित इंटरनेशनल रिपब्लिकन इंस्टीट्यूट में काउंटरिंग फॉरेन ऑथोरिटेरियन इन्फ्लुएंस के वरिष्ठ सलाहकार जे माइकल कोल ने टिप्पणी की। उन्होंने कहा, निश्चित रूप से चीन ने यूक्रेन के खिलाफ रूस के साथ काम नहीं किया है। यहां तक कि उसने उत्तर कोरिया का साथ भी नहीं दिया।

दुनिया इस भ्रम में रहना कब बंद करेगी कि बीजिंग शांति के लिए भागीदार होगा वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारियों ने खुफिया जानकारी का खुलासा करते हुए दावा किया कि चीन रूस की सेना को फिर से खड़े होने में मदद कर रहा है। व्लादिमीर पुतिन द्वारा कीव पर हमले किए जाने के बाद चीन गुप्त रूप से धीरे-धीरे समर्थन बढ़ा रहा है। यह रूस के रक्षा औद्योगिक आधार के पुनर्निर्माण से कमियों को दूर करने में मदद कर रहा है। दरअसल, इस बात की चिंता है कि शीत युद्ध की समाप्ति के बाद से रूस अब अपने सबसे बड़े सैन्य-औद्योगिक विस्तार को प्राप्त कर रहा है।

उदाहरण के लिए, अमेरिकी यूरोपीय कमान के कमांडर जनरल क्रिस कैवोली ने हाल ही में गवाही दी थी कि रूस अपनी सेना को आसानी से फिर खड़ा करने में काफी हद तक सफल रहा। वास्तव में इसकी क्षमता काफी हद तक वापस बढ़ी है। राष्ट्रपति जो बाइडन ने दो अप्रैल को चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ फोन पर बात की थी और इस मुद्दे को उठाया था।


इस दौरान बाइडन ने रूस के रक्षा औद्योगिक आधार के लिए पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के समर्थन पर चिंता जताई थी। अमेरिकी सरकार के अधिकारियों ने अब एक बार फिर आरोप लगाया है।

## जगन्नाथ मंदिर में घुसे बांग्लादेशी नागरिक

**ओडिशा।** पुरी के जगन्नाथ मंदिर में अनधिकृत रूप से प्रवेश करने के आरोप में ओडिशा पुलिस ने नौ बांग्लादेशियों को हिरासत में लिया है। एक अधिकारी ने बताया कि रविवार को विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने कुछ बांग्लादेशी नागरिकों को मंदिर के भीतर जाते देखा। उन्होंने सिंहद्वार पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाई, जिसके बाद पुलिस ने बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया।

पुरी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसपी सुशील मिश्र ने कहा, हमें शिकायत मिली कि कुछ गैर हिंदू बांग्लादेशी मंदिर में प्रवेश कर गए हैं। हमने नो बांग्लादेशियों को हिरासत में ले लिया है और उनसे पूछताछ जारी है। मंदिर के नियम के अनुसार केवल हिंदू ही यहां प्रवेश कर सकते हैं। अगर गैर हिंदू इस मंदिर में प्रवेश करते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# बाल्टीमोर ब्रिज हादसे मामले में चौथा शव किया गया बरामद



**वाशिंगटन।** अमेरिका में मेरीलैंड के बाल्टीमोर में पिछले महीने डाली नाम का मालवाहक जहाज पुल से टकरा गया था। इस हादसे में पुल पूरी तरह से ढह गया था। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि पुल ढहने से मारे गए चौथे व्यक्ति का शव उन्हें मिल गया है।

ब्रिज रिस्पॉन्स यूनिफाइड कमांड ने खुलासा किया कि बचाव दलों ने रविवार को घटनास्थल से एक शव बरामद किया। परिवार के अनुरोध के बाद अधिकारियों ने मृतक के नाम का खुलासा नहीं किया। मेरीलैंड राज्य पुलिस विभाग के अधीक्षक, कर्नल रोलैंड एल. बटलर जूनियर ने कहा, ष्हम मृतकों के लिए शोक जताते हैं। हम लोगों को ढूंढने का अभियान जारी रखेंगे, क्योंकि हम मानते हैं कि खोए हुए लोग किसी न किसी के परिवार होंगे। एक बयान में बताया गया कि मेरीलैंड पुलिस, एफबीआई और मेरीलैंड परिवहन प्राधिकरण पुलिस ने वाहन के भीतर शव का पता लगाया।

की ब्रिज रिस्पॉन्स यूनिफाइड कमांड के अधिकारी ने बताया कि सोमवार को मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया गया था। दो सप्ताह पहले दो अन्य मृतकों का शव ट्रक से बरामद किया गया था। पिछले महीने श्रीलंका की तरफ जा रहे मालवाहक जहाज पुल से टकरा गया था। इस हादसे में पुल पर गड्ढों की मरम्मत कर रहे आठ निर्माण श्रमिकों में से छह की नदीं में गिरने से मौत हो गई थी। उस समय मृतकों में से केवल तीन के ही शव मिले थे। तटरक्षक पीड़ितों का शव ढूंढने का प्रयास कर रहे हैं। अमेरिकी मीडिया ने बताया कि एफबीआई ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। सोमवार को कार्गो जहाज में एजेंट मौजूद थे।

# अमेरिका में समर्थकों ने शुरू किया प्रचार



**वाशिंगटन।** भाजपा की तरफ से लोकसभा चुनाव के लिए 195 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी किए जाने के बीच अमेरिका में रह रहे पार्टी समर्थकों ने प्रचार अभियान शुरू कर दिया है। भाजपा समर्थक लोकसभा की 400 से ज्यादा सीटें जीतने के लक्ष्य में योगदान देने व स्वयंसेवा का संकल्प लिया है।

ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी यूएसए के अध्यक्ष अदापा प्रसाद ने वाशिंगटन डीसी के मैरीलैंड उपनगर में शनिवार को चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत की। उन्होंने कहा, भारतीय प्रवासी समुदाय भारत में भाजपा को समर्थन देने जा रहा है। कार्यक्रम में ओएफबीजेपी के लगभग 100 कोर सदस्य शामिल हुए। भारतवंशियों ने उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, जम्मू-कश्मीर, आंध्र प्रदेश व तेलंगाना समेत विभिन्न राज्यों से संबंधित विश्लेषण प्रस्तुत किए।

प्रसाद ने कहा, हमने विभिन्न राज्यों की प्रगति की समीक्षा की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपलब्धियों का विस्तृत प्रस्तुतीकरण साझ किया। अबतक 3,000 से अधिक स्वयंसेवियों ने ओएफबीजेपी की विभिन्न चुनाव संबंधी गतिविधियों के लिए हस्ताक्षर किए हैं।

ओएफबीजेपी ने अमेरिका से 25 लाख कॉल कर भारतवासियों से भाजपा के पक्ष में मतदान और मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील करने का संकल्प लिया है। देशभर में मोदी की गारंटी, मोहल्ला चाय पे चर्चा, कार रैली व होली मिलन जैसे कार्यक्रम भी किए जाएंगे। संस्था की सिख इकाई के समन्यवक कंवलजीत सिंह सोनी ने कहा, हम तैयार हैं। सभी जोश में हैं। इस बार हम 400 सीटें पार करेंगे।

## हैवान बना बेटा: मां को बाल पकड़कर घसीटा




**आंध्र प्रदेश।** प्रदेश में एक व्यक्ति ने जमीन विवाद को लेकर अपने माता-पिता को बुरी तरह से पीट दिया। उसने अपनी मां को बाल पकड़कर घसीटा और उनके रोने पर लगातार थप्पड़ मारता रहा। महिला के विनती करने के बावजूद वह नहीं रूका। उसने अपनी मां को धक्का भी मारा जिसकी वजह से महिला जमीन पर गिर गई।

महिला के जमीन पर गिरते ही वह अपने पिता की तरफ बढ़ा और थप्पड़ मारने लगा। इस दौरान एक छोटी बच्ची भी वहां मौजूद थी।

बच्ची के अलावा कुछ अन्य लोग भी वहां मौजूद थे, लेकिन किसी ने आगे बढ़कर इस घटना को रोकने की कोशिश नहीं की। आरोपी की पहचान श्रीनिवासुलु रेड्डी के तौर पर की गई है। पुलिस ने उसके खिलाफ मामला दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है। दरअसल, आरोपी माता-पिता द्वारा अपने बड़े भाई को जमीन का एक टुकड़ा देने की वजह से नाराज था और वह बार बार इस फैसले को बदलने के लिए उनपर दबाव बना रहा था।

पीड़ित माता-पिता ने पुलिस को बताया कि आरोपी के कहने पर वह उसकी बात मानने के लिए तैयार भी हो गए थे, लेकिन इसके बावजूद वह उन्हें मारता रखा।

# इस्राइल-ईरान संघर्ष से चिंतित, ईरानी परमाणु ठिकानों को निशाना बनाए जाने की जताई आशंका



**सीरिया।** देश में ईरानी दूतावास पर हमले के बाद से ही ईरान बौखलाया हुआ है। इस हमले के लिए ईरान ने इस्राइल के अड़ियल रवैये को जिम्मेदार ठहराया है। जवाबी कार्रवाई करते हुए ईरान ने इस्राइल पर कई ड्रोन और मिसाइलें दागीं।

इस्राइल-ईरान के संघर्ष के खतरे को बढ़ता देख संयुक्त राष्ट्र की परमाणु हथियारों पर निगरानी रखने वाली संस्था के प्रमुख ने सोमवार को चिंता जताई। कहा गया कि ईरान पर जवाबी कार्रवाई करते हुए इस्राइल ईरानी परमाणु ठिकानों को निशाना बना सकता है। इससे पहले इस्राइली सेना प्रमुख ने सोमवार को कहा कि ईरान की तरफसे दागे गए ड्रोन और मिसाइलों का जवाब उनका देश जरूर देगा।

इस्राइल ने दावा किया था कि ईरान की तरफ से करीबन 300 अलग-अलग प्रकार के मिसाइल दागे गए, जिसमें बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलें भी शामिल थे। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के महानिदेशक राफेल गॉसी ने बताया कि ईरान ने सुरक्षा कारणों से अपनी परमाणु ठिकानों बंद कर दिया था। हालांकि, सोमवार को फिर से इसे खोला गया।

उन्होंने बताया कि आईएईए के निरीक्षकों को तब तक दूर रखा गया है, जब तक की हम देख नहीं लेते कि स्थिति पूरी तरह से शांत है। उन्होंने आगे कहा कि हम कल फिर से काम शुरू करने जा रहे हैं। इसका हमारी निरीक्षण गतिविधि पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। आईएईए लगातार ईरानी परमाणु ठिकानों पर नजर बनाए हुए है। इस बीच ईरान ने बताया कि उनका परमाणु कार्यक्रम पूरी तरह से शांतिपूर्ण है।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक अजरा परवीन द्वारा वेदवीर प्रिन्टर्स, विद्यापीठ पुरम् सिविल लाइन, बदायूं से मुद्रित एवं कार्यालय अमर भास्कर निकट रीजेन्सी होटल लावेला चौक, बदायूं (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक: अबरार अहमद** (इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन हेतु पी.आर.बी. की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी)। समस्त विवाद बदायूं न्यायालय के अधीन होगें। मोबाइल नं. 9411214614, ई-मेल: amarbhashkar21@gmail.com, RNI No.:- UPHIN/2021/82941